# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-07-2021

# सिविल व एयरफोर्स पुलिस ने हटाया अतिक्रमण

**नंदानगर** (एसएनबी)। नंदानगर स्थित एयरफोर्स न्यू प्रोजेक्ट मार्ग पर अतिक्रमण की वजह से स्थानीय लोग हलकान है। इस बात की शिकायत मिलने पर जिला पुलिस और एयरफोर्स पुसिस ने मंगलवार की शाम संयुक्त अभियान चलाकर सड़क के किनारे लगने वाले अतिक्रमण को हटाया। अतिक्रमण हटने से एयरफर्सि कर्मचारियों के आलावा अन्य लोगों ने राहत की सास ली। नंदानगर प्रतिनिधि से मिली जानकारी एयरफोर्स प्रशास्न की शिकायत पर आज शाम कैंट एवं शाहपुर पुलिस ने एयरफोर्स पुलिस के सहयोग से न्यू प्रोजेक्ट मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने अतिक्रमणकारियो को माउथ फोन से चेतावनी देते हुए तत्काल सड़क से ठेला खमोचा हटा लेने की चेतावनी दी। एयरफोर्स चौकी इंचार्ज सुनील गुप्ता ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान पटरी पर ठेला खमोचा रख कर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ दफा 34 की कार्रवाई भी की गई।

# दो लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे

चौरीचौरा (एसएनबी )। चौरीचौरा पुलिस ने मंगलवार को फुटहवा ईनार से लूट के मामले में वांछित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फुटहवा ईनार प्रतिनिधि के अनुसार लूट में वांछित दोनों अभियुक्त राहुल शर्मा पुत्र मोहन शर्मा निवासी ग्राम पंचायत सतहवां पूर्वी तथा दूसरा चंदन शर्मा पुत्र श्रीराम शर्मा निवासी ग्राम पंचायत आमकोल थाना चौरीचौरा शामिल हैं। हल्का दारोगा वंश बहादुर यादव ने बताया कि सुनील वर्मा पुत्र नंद किशोर निवासी नपं मुण्डेरा बाज़ार वार्ड संख्या पांच सोमवार को तरकुलहा देवी मंदिर दर्शन करने गए थे । मंदिर से दर्शन कर जंगल के रास्ते सुनील बाइक से घर लौट रहे थे तभी जंगल के पास दोनों बदमाश पहले से खड़े थे। दोनों ने सुनील की बाइक रोक कर चार हजार रुपये नगद तथा सोने की एक अंगूठी लूट कर फरार हो गए। लूट की घटना को दूर से देख रहे एक व्यक्ति ने लुटेरों को पहचान लिया। उसने लुटेरों का नाम व पता पीड़ित सुनील को बताया। पीड़ित ने पूरी जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद फुटहवा ईनार से राहुल शर्मा तथा चंदन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की धारा 341, 392 व 504 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजवा दिया है।

# हत्यारोपियों की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर (एसएनबी)। हत्या के आरोप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह ने गगहा थाना क्षेत्र के नेवादा निवासी अमित सिंह एवं रामसिंघासन की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता यश पाल सिंह का कहना था कि गगहा थाना क्षेत्र के हटवा निवासी वादी आकाश मौर्या का भाई रितेश वार्ड नंबर 51 से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहा था।10 मार्च रात करीब नौ बजे अपने चुनाव प्रचार से वापस लौट रहा था।जैसे ही गजपुर मोड ब्रिज के पास पहुंचा दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। दौरान विवेचना अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया और पता चला की चुनावी रंजिश को लेकर वादी के भाई रितेश मौर्या की हत्या की गई है।

# फायर झोंक कर भाग रहे पशु तस्कर गिरफ्तार

चौरीचौरा (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छपरा मंसूर गांव के सामने संत जोसफ स्कूल स्थित नहर की पुलिया के पास से स्थानीय पुलिस ने एक मुठभेड़ में तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से पुलिस ने दो चोरी की मोटरसाइकिल, एक बिना नम्बर प्लेट की पिकअप, एक 315 बोर का तमंचा, जिंदा कारतूस बरामद किये जाने का दावा किया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 419, 420, 473, 41, 411 के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया।

फुटहवा ईनार प्रतिनिधि के अनुसार नवागत इंस्पेक्टर इकरार अहमद तथा चौकी इंचार्ज सोनबरसा मदन मोहन मिश्र रात में पुलिस टीम के साथ क्षेत्र गश्त पर थे। मुखबिर ने सूचना दी कि वैकुंठपुर गांव से होते हुए छपरा मंसूर गांव की तरफ बिना नम्बर प्लेट की पिकअप के साथ कुछ पशु तस्कर आ रहे हैं। इस सूचना पर थानेदार सहयोगी दारोगा जय प्रकाश यादव, विकास नाथ, हेड कांस्टेबल हीरा सिंह यादव, देवेन्द्र सिंह, विनित सिंह, कांस्टेबल राहुल यादव, रविन्द्र यादव तथा रजनीश दुबे को साथ लेकर संत जोसफ स्कूल के सामने स्थित भट्ठे के पास खड़े हो गए। पुलिस टीम ने पिकअप के नजदीक आने पर उसे रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख पशु तस्करों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक कर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तार पशु तस्करों ने अपना नाम जितेन्द्र पुत्र विभूति ग्राम छोटी रेवतहिया थाना पिपराइच तथा इसका भाई सिकंदर व राम लखन निषाद पुत्र स्व अर्जुन ग्राम कठउर थाना रामगढताल गोरखपुर वताया। पुलिस ने तस्करों के पास से एक बिना नम्बर प्लेट की एक पिकअप, चोरी की दो वाइक, एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस व एक खोखा वरामद किया। पुलिस ने मंगलवार को पशु तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजवा दिया।

# एजेंट ने बीमा की राशि हड़पा थमा दिया फर्जी रसीद

हरपुर बुदहट(एसएनबी)। हरपुर वुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत वैजलपुर में एक महिला को गांव का ही एक व्यक्ति अपने को जीवन वीमा एजेंट वताते हुए 78 हजार रुपये हड़प लिया। वदले में उसने महिला को जीवन वीमा का फर्जी रसीद थमा दिया। महिला अव फर्जी रसीद लेकर घुम रही है। हरपुर वुदहट थाना क्षेत्र के वैजलपुर का है ।महिला सुंदरी देवी पत्नी दिलीप कुमार ने आरोप लगाया है कि गांव का एक व्यक्ति जो पिन कान ग्रुप चिट फंड कम्पनी में जीवन वीमा का एजेंट वताते हुए झांसे में लिया ।5 वर्ष में तीन गुना राशि देने का झांसा देकर जीवन वीमा किया ।31 जनवरी 2014 में वीमा का पहला किस्त पन्द्रह हजार छः सौ लिया। शेष चार वर्षो में भी इसी तरह किस्त के नाम पर ले गया जिसकी कुल किस्त 78 हजार हो गयी । रसीद देता गया जव वीमा का समय पूरा हो गया,एजेंट से धनराशि मांगनी शुरू किया तो वह वार वार टालता रहा। एक दिन महिला चिट फण्ड कम्पनी के कार्यालय पर पहुँची तो जानकारी मिला कि एजेंट ने किस्त जमा नही किया और जो रसीद दी गयी है वह फर्जी है। इसके वाद जव एजेंट पर पैसा देने का दवाव वनायागया तो वह मारपीट पर उतारू हो गया । महिला ने प्रशासन से फर्जीवाड़ा करने वाले चिट फण्ड कम्पनी के एजेंट के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग किया है। प्रभारी निरीक्षक उदय शंकर कुशवाहा ने कहा कि मामला संज्ञान में नही है फिर भी मामले की जांच करा कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# दुर्लभ प्रजाति की पक्षियां बरामद, शिकारी फरार

**मोटरसाइकिल छोड़ कर भागा शिकारी**

नंदानगर (एसएनबी)। मुखविर की सूचना पर एयरफोर्स चौकी प्रभारी सुनील गुप्ता ने डायल 100 पुलिस के सहयोग से नंदानगर अंडरपास के पास एक मोटरसाइकिल का पीछा कर एक वैग वरामद किया जिसमें रखे सौ से अधिक दुर्लभ प्रजाति के पक्षी वरामद किए गए। इस दौरान मौका पाकर मोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल छोड़ कर फरार हो गया।



एअरफोर्स चौकी पुलिस द्वारा पकड़ी गयी दुर्लभ पक्षी।

नंदानगर प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार डायल 100 पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर वधे वैग में पक्षियों को भरकर नंदानगर की तरफ जा रहा है। सूचना पर चौकी इंचार्ज एयरफोर्स सुनील गुप्ता नंदानगर अंडरपास के पास नाकेवंदी कर मोटरसाइकिल का इंतजार करने लगे। जैसे ही मोटरसाइकिल चालक दिखा पुलिस ने उसे दवोचना चाहा लेकिन वह पुलिस को देखते ही वाइक छोड़ कर फरार हो गया। वरामद वैग की तलाशी लेने पर उसमें से सौ के लगभग दुर्लभ गौरया प्रजाति की तथा 25 से अधिक तोते वरामद हुए। पुलिस ने सभी पक्षियों को वन विभाग को सौंप दिया।

# महिला पुलिसकर्मियों ने एडीजी से साझा की समस्या

**महिला पुलिसकर्मियों ने आनलाइन बातचीत में बेबाकी से रखी समस्या**

**एडीजी ने समस्या का समाधान करने का दिया भरोसा**

गोरखपुर (एसएनबी)। मंगलवार को एडीजी अखिल कुमार ने जोन के सभी जिले में तैनात महिला पुलिसकर्मियों से आनलाइन वातचीत की। महिला पुलिसकर्मियों ने वेवाकी से समस्या साझा करते हुए कहा कि पुरुष हमराहियों के साथ ड्यूटी करने में असहज महसूस करती है। इनके साथ वाहर ड्यूटी पर जाने पर चेंजिंग रूम नहीं होने से दिक्कते होती हैं। एडीजी ने समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया है।

महिला पुलिसकर्मियों की भूमिका व कार्य अनुभव को लेकर मंगलवार को एडीजी अखिल कुमार ने जोन के 11 जिले के महिला पुलिसकर्मियों से आनलाइन वातचीत के जरिये समस्या साझा किया। इस दौरान वेवाकी से महिला पुलिसकर्मियों ने अपनी समस्या वतायी। गोष्ठी में गोरखपुर से नेहा सिंह, देवरिया से शिवी श्रीवास्तव, कुशीनगर से निकिता मिश्रा, महराजगंज से ज्योति सिंह, वस्ती से सुकुति मिश्रा, संतकवीरनगर से शिवानी सिंह, सिद्धार्थनगर से ज्योति पांडेय, गोंडा से सोनिया सिंह, वहराइच से गोल्डी त्रिपाठी, वलरामपुर से ज्योति मिश्रा, श्रावस्ती से मोहिनी विश्वकर्मा ने अपने विचार दिए।

**यह मांगे की गई**

थानों में महिला टायलेट की व्यवस्था हो। गश्त के लिए सभी के पास वाहन हो। थानों में वच्चों के साथ रहने की आवासीय सुविधा हो। पुरुष आरक्षी के साथ वीट में गश्त पर ना भेजा जाए। स्वयं एवं परिवार के लिए कोविड जांच के लिए कैंप आयोजित हो। वीआईपी ड्यूटी पर जाने पर रहने, खाने की व्यवस्था हो। यथासंभव नजदीक ड्यूटी लगाई जाए। 12-12 घंटे की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई जाए। थानों में चेंजिंग रूम हो, वच्चों के साथ आने पर व्यवस्था हो। दो महिला आरक्षियों की एक साथ ड्यूटी लगाई जाए।

# मुठभेड़ में तीन पशु तस्कर गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, चौरीचौरा :** पुलिस पर गोली चलाकर भागने की कोशिश कर रहे तीन पशु तस्करों को चौरीचौरा पुलिस ने सोमवार रात दबोच लिया। उनके पास से तमंचा और कारतूस के साथ ही तस्करी में इस्तेमाल होने वाली बिना नंबर की पिकअप और चोरी की दो बाइक बरामद हुई। मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

पिपराइच क्षेत्र के रेवतहिया निवासी जीतेंद्र और सिकंदर तथा रामगढ़ ताल क्षेत्र के कठउर निवासी रामलखन निषाद को गिरफ्तार किया गया है। क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा जगत कन्नौजिया ने बताया कि थाने की पुलिस टीम सोमवार रात गश्त पर थी। इसी दौरान पिकअप सवार तस्करों के इलाके से गुजरने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने मंसूर छपरा के पास घेराबंदी की।

पिकअप से आ रहे तस्करों को रुकने का इशारा किया तो वे पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। उनके पास से 315 बोर का तमंचा, खोखा व कारतूस बरामद हुआ। तीनों आरोपितों को थाने लाकर पूछताछ करने के बाद उनकी निशानदेही पर चोरी की दो बाइक भी बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपित पशु तस्करी के धंधे में काफी दिन से लिप्त हैं। पुलिस को इनकी लंबे समय से तलाश थी।

## कार्रवाई

- **तस्करों के पास से तमंचा व चोरी की दो बाइक भी मिली**
- **बिना नंबर की पिकअप लेकर चल रहे थे तस्कर**
- **पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कर रहे थे कोशिश**

## पुलिस ने बरामद किया तोता व मुनिया

**जांस, नंदानगर :** एयरफोर्स चौकी प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने मंगलवार की शाम नंदानगर में बैग में रखे 100 तोता और मुनिया बरामद किया। पुलिस को देख बाइक और बैग छोड़कर युवक फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक कैंट सुधीर सिंह ने बताया कि मंगलवार की शाम पांच बजे सूचना मिली कि एक युवक बाइक पर बैग में पक्षियों को भरकर नंदानगर की तरफ जा रहा है। सूचना पर एयरफोर्स चौकी प्रभारी ने नंदानगर अंडरपास के पास बाइक सवार को घेर लिया। पुलिस के रोकने पर बाइक छोड़कर युवक फरार हो गया। बैग की तलाशी लेने पर उसमें 25 तोता व 75 मुनिया बरामद हुए, जिन्हें वन विभाग को सौंप दिया गया।

# पुलिस से मुठभेड़, दबोचे गए तस्कर

**GORAKHPUR (13 July):** चौरीचौरा के सोनबरसा में चौकी ईंचार्ज की सक्रियता से तीन पशु तस्कर पकड़े गए. बदमाशों ने पुलिस पर गोली चलाकर भागने की कोशिश की. लेकिन कामयाब नहीं हो सके. पकड़े गए तस्करों के पास से बिना नंबर की एक पिकअप, चोरी की दो बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद हुआ. पुलिस ने पकड़े गए तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया. शहर के भीतर एक्टिव पुलिस तस्करों ने पुलिस की नाक में दम कर दिया है. डेयरी के सामने खड़े पशुओं को लादने के अलावा सड़कों के किनारे से भी पशुओं को उठाकर पिकअप में लाद ले जाते हैं. सोमवार की रात पुलिस को पशु तस्करों के सक्रिय होने की सूचना मिली. सोनबरसा चौकी मदन मोहन मिश्रा ने टीम संग छपरा मंसूर रोड पर घेराबंदी कर ली. पुलिस ने गाड़ी रोकने की कोशिश की तो बदमाशों ने फायर झोंक दिया. लेकिन पहले से अलर्ट टीम ने सभी को पकड़ लिया.



## दरवाजे से चुरा ले जाते तस्कर

पकड़े गए लोगों की पहचान पिपराइच के रेवतहिया निवासी जितेंद्र और सिंकदर और रामगढ़ताल एरिया के कठउर निवासी रामलखन के रूप में हुई. तीनों से पूछताछ के आधार पर पुलिस उनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है.

# गोरखनाथ में लूट करने वाले अरेस्ट

**GORAKHPUR (13 July):** गोरखनाथ एरिया में लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने अरेस्ट किया. उनके पास से लूट का सामान और स्कूटी बरामद हुई. तीनों ने पुलिस को बताया कि मौज-मस्ती का खर्च जुटाने के लिए अकेली जा रही नर्स को देखकर लूटपाट कर ली. सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस बदमाशों तक पहुंची.

## अकेली देखकर लूट लिया

गोरखनाथ एरिया के पटनिया की रहने वाली अनीता सिंह एक जुलाई की शाम साढ़े छह बजे पैदल ही घर जा रही थीं. तभी पीछे से आए स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका झोला छीन लिया. झोले में दो सेट कपड़ा, एक हजार रुपए और मोबाइल फोन था. नर्स की सूचना पर पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली. जांच में पुलिस को जानकारी मिली कि रसूलपुर मोहल्ले के रहने वाले युवकों ने वारदात को अंजाम दिया है. सोमवार की शाम चेकिंग के दौरान पुलिस ने उनको पकड़ लिया. उनके पास से झोले में रखा सामान भी बरामद हुआ. पकड़े गए युवकों की पहचान रसूलपुर मोहल्ले के जिशान अहमद, पुराना गोरखपुर के अनस और इस्लाम के रूप में हुई.

# एसएसपी ने बढ़ाया मान, खिल उठी मुस्कान

## ईमानदारी दिखाकर एसएसपी के हाथों पाया सम्मान

**GORAKHPUR (13 July):** जिले में ईमानदारी दिखाने वाले लोगों को पुलिस अधिकारी सम्मानित करेंगे. मंगलवार को एसएसपी ने तीन लोगों के कामों की सराहना की. फूल माला पहनाकर उनको अप्रिशिएट किया. एसएसपी ने कहा कि जितने लोग भी इस तरह के कार्य करेंगे, पुलिस उनका मान-सम्मान बढ़ाएगी. मंगलवार को दैनिक जागरण आई नेक्स्ट ने भी इस संबंध में समाचार का प्रकाशन किया. राजघाट के चकरा अव्वल निवासी जोगेंद्र निषाद फल की



दुकान लगाते हैं. फल बेचने के दौरान उनको दो लाख रुपए का आईपैड मिला. उन्होंने उसे टीपी नगर चौकी प्रभारी अवधेश मिश्रा को सौंप दिया. पुलिस की जांच में मालिक के बारे में जानकारी मिली. पुलिस की मदद से आनर को आईपैड लौटा दिया गया. मंगलवार को पुलिस उनको एसएसपी के पास ले गई. एसएसपी के हाथों सम्मान पाकर वह काफी खुश हुए. पुलिस अधिकारी का सरल व्यवहार देखकर भावुक हो उठे. जोगेंद्र ने कहा कि अक्सर पुलिस उनके ठेले पर जोर चलाती है. कोई अधिकारी इस तरह से सम्मानित करेंगे. इसकी कल्पना उन्होंने कभी नहीं की थी.

## इनको भी मिला सम्मान

टैंपो ड्राइवर मनोज कुमार शर्मा

हेड कांस्टेबल सुधीर सिंह

> **पब्लिक की मदद से लोगों का खोया हुआ सामान उन तक पहुच रहा है. ऐसे कामों को प्रोत्साहित किया जाएगा. इससे लोगों के भीतर ईमानदारी की भावना विकसित होगी.**
>
> **दिनेश कुमार पी.**, एसएसपी

## अंगूठी व रुपए के साथ दो गिरफ्तार

तरकुलहा बाजार में 10 जुलाई को लूट करने के दो आरोपितों को चौरीचौरा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया. उनके पास से लूटी गई अंगूठी और रुपये बरामद किए गए हैं. आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया.

## मारपीट के मामले में तीन पर केस

पोखरभिंडा गांव के बेचनराम की पत्नी मुल्की देवी के साथ एक सप्ताह पहले हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर लिया. इस मामले में पिता व दो पुत्रों को अभियुक्त बनाया गया है. उनकी तलाश की जा रही है.

## किशोरी का अपहरण, छह पर केस

गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी रविवार रात से गायब है. खोजबीन के बाद पिता ने गांव के रहने वाले छह लोगों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया है.

## पुलिस ने बरामद किया तोता व मुनिया

एयरफोर्स चौकी प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने मंगलवार की शाम नंदानगर में बैग में रखे 100 तोता और मुनिया बरामद किया. पुलिस को देख बाइक और बैग छोड़कर युवक फरार हो गया. बैग की तलाशी लेने पर उसमें 25 तोता व 75 मुनिया बरामद हुए, जिन्हें वन विभाग को सौंप दिया गया.

# गोरखपुर का टेरर कनेक्शन, अलर्ट पर जोन

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (13 July): लखनऊ में अलकायदा के आतंकी पकड़े जाने के बाद गोरखपुर जोन में अलर्ट हो गया है. गोरखनाथ मंदिर से लेकर एयरपोर्ट तक की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है. रेलवे स्टेशन से लेकर शहर के होटलों और रेस्टोरेंट में पुलिस की जांच हो रही है. संदिग्धों की निगरानी भी की जा रही है. ऐसा पहली बार नहीं है, जब गोरखपुर में अलर्ट जारी नहीं हुआ हो. नेपाल बॉर्डर से सटे होने की वजह से शहर को लेकर खुफिया एजेंसियां अलर्ट मोड में रहती हैं. वर्ष 2007 के सीरियल ब्लास्ट के बाद से गोरखपुर भी संवेदनशील स्थानों की श्रेणी में शामिल है. एडीजी जोन ने कहा कि सभी संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए सभी को अलर्ट किया गया है. बॉर्डर पर भी पुलिस की सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं.

**iUPDATE**

### सीरियल ब्लास्ट से बढ़ गया खतरा

वर्ष 2007 में गोलघर मार्केट में सीरियल ब्लास्ट हुए थे. इससे पूरा प्रदेश दहल उठा था. 22 मई 2007 की शाम ताबड़तोड़ एक के बाद एक ब्लास्ट हुए. गोलघर में भगदड़ मच गई. इसकी जांच पूरी हो पाती. इसके पहले 22 नवंबर 2007 को फैजाबाद, बाराबंकी और लखनऊ कचहरी में ब्लास्ट हुए. इस मामले में आजमगढ़ जनपद के रानी की सराय एरिया के शंभूपुर निवासी तारिक काज़मी और उसके साथियों को पुलिस ने बाराबंकी से अरेस्ट किया. वर्ष 2020 के दिसंबर माह में आरोपित तारिक काजमी को सजा सुनाई गई. तभी से गोरखपुर शहर खुफिया एजेंसियों की हिट लिस्ट में आ गया है.



PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

● गोरखनाथ मंदिर की चौकस हुई सुरक्षा.

### तैनात होगी स्पेशल पुलिस ऑपरेशन टीम

शहर में आतंकी गतिविधियों से निपटने के लिए एटीएस की स्पेशल पुलिस आपरेशन टीम तैनात करने की तैयारी चल रही है. शहर के नेपाल बॉर्डर से करीब होने के साथ ही गोरखनाथ मंदिर और एयरपोर्ट की सुरक्षा-व्यवस्था लेकर यह कदम उठाया जाएगा. इस टीम में 40 साल से कम उम्र के लोग तैनात होंगे. सभी को एक साथ तीन हथियार चलाने, सामने वाले की मनोदशा को पढ़ने सहित अन्य ट्रेनिंग दी जाएगी. वर्तमान में एटीएस के एक इंस्पेक्टर और चार कांस्टेबल यहां काम कर रहे हैं.



### नेपाल से आवाजाही पकड़े गए हैं आतंकी

पाकिस्तान से वाया नेपाल होते हुए दिल्ली और जम्मू-कश्मीर तक जुड़ाव रखने वाले कई आतंकी पकड़े जा चुके हैं. नेपाल बॉर्डर पारकर करके दिल्ली और जम्मू-कश्मीर जाने की कोशिश में एटीएस, एसटीएफ और अन्य एजेंसियां आतंकियों को दबोचकर जेल भेज चुकी हैं. आतंकियों के लिए गोरखपुर ट्रांजिट प्वाइंट है. इसलिए प्रदेश भर में कहीं पर कोई घटना या गतिविधि सामने आने पर यहां हाई अलर्ट घोषित कर दिया जाता है.



"नेपाल बॉर्डर से सटे होने की वजह से सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए गए हैं. पुलिस को अलर्ट किया गया है. जोन के सभी जिलों की पुलिस को सतर्कता बरतने को कहा गया है. संदिग्धों पर कार्रवाई के लिए आकस्मिक जांच भी पुलिस कर रही है.

**अखिल कुमार,**
एडीजी जोन, गोरखपुर

### सामने आ चुके हैं ये मामले

- 02 जनवरी 2020: दो संदिग्ध आतंकियों के नेपाल जाने की सूचना पर बॉर्डर से लेकर एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर अलर्ट जारी किया गया.
- वर्ष 2019: चिलुआताल एरिया के नकहा जंगल के पास कार सवार पांच संदिग्धों को देखे जाने की सूचना पर अलर्ट जारी हुआ.
- वर्ष 2019: नेपाल बार्डर पर संदिग्ध मोहम्मद हसन को पकड़ा गया.
- वर्ष 2017: हिजबुल से जुड़ा हुआ आतंकी नासिर अहमद वानी अरेस्ट हुआ.
- वर्ष 2016: सुरक्षा एजेंसियों ने डॉ. जावेद नाम के संदिग्ध को अरेस्ट किया. पांच अन्य से पूछताछ हुई.
- वर्ष 2015: नेपाल के रक्सौल बार्डर संदिग्धों को पकड़कर जांच पड़ताल की गई.
- वर्ष 2013: आतंकी यासीन भटकल को नेपाल बार्डर से अरेस्ट किया. उसके साथ असदुल्लाह अख्तर भी पकड़ा गया था.
- वर्ष 2013: आतंकी लियाकत अली शाह को पकड़ा गया.
- वर्ष 2009: मुंबई के आतंकियों में शामिल नूर बख्श और इश्तियाक की गिरफ्तारी हुई.
- वर्ष 2007: लश्कर से जुड़ा आतंकी सादात रशीद मसूद आलम अरेस्ट हुआ.
- वर्ष 2007: नेपाल बार्डर पर आसिम अली सहित अन्य पकड़े गए.
- वर्ष 1995: आईएसआई एजेंट यासिया बेगम को सुरक्षा एजेंसियों ने पकड़ा.
- वर्ष 1993: मुंबई बम कांड का आरोपित टाइगर मेमन भी सोनौली बार्डर के पास पकड़ा गया.
- वर्ष 1991: सोनौली बार्डर पर पंजाब का उग्रवादी सुखविंदर सिंह अरेस्ट किया गया. सिद्धार्थनगर जिले के बढ़नी बार्डर अजमेर सिंह और भाग सिंह पकड़े गए.

# चोरी के मोबाइल के साथ अरेस्ट

GORAKHPUR (13 July): 12 जुलाई को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, छपरा व गोरखपुर के स्टाफ ने जांच अभियान चलाया. इस दौरान दो व्यक्ति 2 अदद चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किए गए. पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर आरपीएफ कार्रवाई में जुटी है. वहीं 11 जुलाई को आरपीएफ गोरखपुर के स्टाफ को लावारिस हालत में मिले एक मोबाइल को संबंधित यात्री को सुपुर्द किया गया.

Hindustan8.webp Hindustan7.webp

# थाना दिवस की शिकायतें पांच दिन में निपटाएं : सीएम

लखनऊ | विशेष संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अधिकारी आम जनता की समस्याओं के निपटारे के लिए तेजी से काम करें। तहसील और थाना दिवस में प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का निराकरण प्रत्येक दशा में अगले पांच दिन में करा दिया जाए। तहसीलों के लिए एडीएम और थानों के लिए एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी नामित किया जाए। जनमहत्व के इन कार्यक्रमों के लिए जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान जवाबदेह होंगे। वरिष्ठ अधिकारी इन कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता करेंगे।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को टीम 9 के अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री आवास पर दैनिक जनता दर्शन प्रारंभ हो चुका है। इसी प्रकार, अब मंगलवार के स्थान पर प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को तहसील दिवस तथा द्वितीय और चतुर्थ शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया जाए।

**75** जिलों में जमाखोरों के खिलाफ अभियान चलाया जाए

## आदेश जारी

- तहसीलों के लिए एडीएम और थानों के लिए एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी नामित हों
- जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान कार्यक्रमों के लिए जवाबदेह होंगे



सीएम योगी आदित्यनाथ मंगलवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।

**जमाखोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए :** उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आवश्यक खाद्य वस्तुओं के संग्रहण की अधिकतम सीमा तय कर दी गई है। फिर भी कुछ क्षेत्रों से जमाखोरी की सूचना प्राप्त हो रही है। खाद्य विभाग एक्टिव मोड में रहे। प्रदेश के सभी जिलों में जमाखोरी के खिलाफ छापामार अभियान चलाया जाए। जमाखोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक कांवड़ यात्रा कोविड प्रोटोकॉल के साथ हो सकेगी। कोविड संक्रमण की स्थिति को देखते हुए कांवड़ संघों से संवाद कर न्यूनतम लोगों की सहभागिता का अनुरोध किया जाए। दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और उत्तराखंड राज्यों से संवाद कर यात्रा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। आवश्यकतानुसार आरटीपीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट की अनिवार्यता भी लागू की जा सकती है।

**वरासत अभियान एक हफ्ते और बढ़ाया जाए :** सीएम ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण जिन लोगों का असामयिक निधन हुआ है, उन भूमिधरों की वरासत, उनके विधिक उत्तराधिकारियों के पक्ष में खतौनी में दर्ज करने के लिए विशेष वरासत अभियान संचालित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान को अगले एक सप्ताह के लिए और विस्तार दिया जाए।

## प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों को परखा

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रधानमंत्री के 15 जुलाई के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का खुद जायजा लिया। पीएम के कार्यक्रमों की तैयारी जानने मुख्यमंत्री दोपहर एक बजे बनारस पहुंचे थे। यहां करीब तीन घंटे के कार्यक्रम में आयोजन स्थलों का जायजा लिया व समीक्षा बैठक में हर कमी को दूर करने की अफसरों को ताकीद की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के दौरे के रूटों का भी भ्रमण किया। उन्होंने काशी विश्वनाथ दरबार में दर्शन-पूजन के साथ अन्नपूर्णा मंदिर में दिवंगत महंत रामेश्वर पुरी के तैलचित्र पर श्रद्धा सुमन चढ़ाए।

योजना का लाभ सभी जरूरतमंदों को दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को त्वरित सहायता के लिए संचालित हेल्पलाइन नम्बर 14567 सेवा को और बेहतर किये जाने की जरूरत है।

# ईमानदारी की पेश की मिसाल, सम्मान

**गोरखपुर।** ईमानदारी की मिसाल पेश करने वाले तीन लोगों को मंगलवार को एसएसपी ने सम्मानित किया। राजघाट क्षेत्र के चकरा अव्वल निवासी फल विक्रेता जोगिंदर निषाद को पिछले सप्ताह एक आईपैड मिला था। जिसे उसने पुलिस को दी और सिपाही ने मालिक को सौंप कर उसे दे दिया। वहीं एक अन्य घटना में गोकुलपुरम निवासी ऑटो चालक मनोज ने भी इमानदारी दिखाई थी।

Hindustan4.webp Hindustan3.webp

# अवैध संबंध की जानकारी होने पर हुई थी महिला हत्या, आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर | निज संवाददाता

खजनी क्षेत्र के तालनवर कुड़ई माई के स्थान पर नदी में मिले शव को हत्या कर फेंका गया था। पुलिस ने मंगलवार को बरडाड़ बाजार के पास से हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसने अवैध संबंध की जानकारी होने पर महिला की हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया था।

मिली जानकारी के अनुसार खजनी क्षेत्र के तालनवर कुड़ई माई के स्थान पर नदी में गीडा क्षेत्र के जीतपुर निवासी मुलधारी की पत्नी भानमती की हत्या कर एक जुलाई को फेंका शव मिला। उसको फावड़ा के बेट से सिर पर प्रहार कर मौत के घाट उतारा गया था। मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस की जांच में मालूम चला कि वादी की बहू का अवैध संबंध गीडा क्षेत्र के जीतपुर गांव निवासी गोविन्द पुत्र भरोस के साथ था। महिला के अवैध संबंध की जानकारी हो गई थी। इस पर गोविन्द ने हत्या कर शव को खजनी क्षेत्र के तालनवर कुड़ई माई स्थान के पास नदी में फेंक दिया। पुलिस ने बहू सोनमती और गोविन्द के खिलाफ हत्या कर मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने बरडाड़ बाजार के पास से गोविन्द को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### खुलासा

- खजनी क्षेत्र में तालनवर कुड़ई माई के पास नदी में मिली महिला का शव का मामला
- हत्या के बाद महिला के शव को नदी में फेंक दिया था

Hindustan1.webp

# ईमानदारी को सलाम कर कप्तान ने किया सम्मानित



सम्मानित लोगों के साथ एसएसपी दिनेश कुमार पी • सौ. पुलिस मीडिया सेल

**जासं., गोरखपुर :** ईमानदारी की मिसाल पेश करने वाले तीन लोगों को एसएसपी दिनेश कुमार पी ने मंगलवार को पुलिस लाइन में सम्मानित किया। फल विक्रेता, आटो चालक व सिपाही की ईमानदारी को सलाम करते हुए उन्हें शाबाशी दी।

राजघाट थाना क्षेत्र के चकरा अव्वल निवासी फल विक्रेता जोगिंदर निषाद को पिछले सप्ताह एक आइपैड मिला था, जिसे उन्होंने चौकी प्रभारी ट्रांसपोर्टनगर को सौंपा था। चौकी प्रभारी ने मालिक का पता लगाकर उन्हें आइपैड लौटाया था।

वहीं कैंट थाना क्षेत्र के गोकुलपुरम निवासी आटो चालक मनोज शर्मा को एक बैग मिला।

उसमें 20 हजार रुपये व शादी का सामान था, जो आटो में बैठे किसी सवारी का छूट गया था। आटो चालक ने चौकी प्रभारी एयरफोर्स को बैग सौंप दिया, जिसके बाद मालिक का पता लगाकर उन्होंने बैग सौंप दिया। इसी तरह नौसढ़ चौकी पर तैनात मुख्य आरक्षी सुधीर सिंह को पासवान ढाला के पास गिरा हुआ पर्स मिला। उसमें जरूरी कागजात, एटीएम, आइडी कार्ड थे। सिपाही ने मालिक का पता लगाकर पर्स उन्हें सौंपा था।

## लूट की अंगूठी व रुपये के साथ दो गिरफ्तार

**जासं., मुंडेरा बाजार :** तरकुलहा बाजार में 10 जुलाई को लूट करने के दो आरोपितों को चौरी चौरा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटी गई अंगूठी और रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

लूट के आरोप में चौरी चौरा निवासी राहुल शर्मा और चंदन शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। मुंडेरा बाजार के वार्ड संख्या पांच निवासी सुनील वर्मा ने तरकुलहा बाजार में भी घर बनवा रखा है। 10 जुलाई की रात में मुंडेरा बाजार से वह तरकुलहा बाजार वाले घर जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोककर सोने की अंगूठी और चार हजार रुपये लूट लिए थे। पीड़ित ने इस मामले में 12 जुलाई को तहरीर दी। घटना की छानबीन के बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

# बहू ने प्रेमी से कराई थी सास की हत्या

## एक आरोपित गिरफ्तार, घटना के बाद से है बहू फरार, हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद

**जागरण संवाददाता, उनवल** : गीडा इलाके के बाघागाड़ा निवासी मुलधारी की पत्नी भानमती की हत्या का खजनी पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। इस मामले में एक आरोपित गिरफ्तार हो गया है। पुलिस की माने तो भानमती की बहू ने ही प्रेमी के साथ मिलकर उनकी हत्या कराई थी।

परिवार का भरण-पोषण करने के लिए भानमती बाघागाड़ा में सब्जी की दुकान लगाती थीं। 22 जून को वह सब्जी बेचने गई थीं। वापस नहीं लौटीं तो स्वजन तलाश करने लगे। 23 जून की शाम को उन्हें खजनी इलाके के तालनवर में कुड़ई माता स्थान के पास आमी नदी में वृद्धा का शव मिलने की सूचना मिली। स्वजन ने वहां पहुंचकर शव की शिनाख्त भानमती के रूप में की।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि सिर के पीछे किसी चीज से प्रहार कर हत्या की गई है। पति मुलधारी ने तहरीर देकर बहू सोनमती और गीडा क्षेत्र के जीतपुर निवासी उसके प्रेमी गोविंद पर हत्या की आशंका जताई थी। तफ्तीश में ये आशंका सच साबित हुई। हत्या के मुकदमे में दोनों को अभियुक्त बनाने के साथ ही खजनी पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी।

मंगलवार को पुलिस ने गोविंद को बरडाड़ बाजार से पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया गया। इंस्पेक्टर खजनी अजय मौर्य ने बताया कि घटना के बाद से ही भानमती की बहू फरार चल रही है।

## काल डिटेल व सीसी कैमरे की फुटेज से ढूंढे जा रहे हत्यारे

**जागरण संवाददाता, भटहट** : आटो पार्ट्स की दुकान चलाने वाले बृजेश विश्वकर्मा की हत्या करने वालों का पता नहीं चल सका है। सीसी कैमरा फुटेज और काल डिटेल के आधार पर हिरासत में लिए गए छह लोगों से पिपराइच पुलिस पूछताछ कर रही है। एसएसपी दिनेश कुमार पी ने सोमवार रात पिपराइच थाने पहुंचकर बातचीत की।



**बृजेश हत्याकांड**

- **रात में 11.30 बजे बंद हो गया था बृजेश का मोबाइल**
- **घटना के बाद गायब हुई स्कूटी व मोबाइल भी नहीं मिला**

पुलिस की छानबीन में पता चला कि रात में 11.30 बजे बृजेश विश्वकर्मा का मोबाइल बंद हो गया था। दावत से लौटने के बाद भटहट में दोस्त के घर रखी स्कूटी लेकर वह घर जाने के लिए निकले थे। कस्बे में लगे सीसी कैमरे की फुटेज देखने पर पुलिस को यह जानकारी मिली। बृजेश के पीछे एक कार भी चल रही थी, जिसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। दावत में शामिल लोगों के साथ ही फोन पर आखिरी बार बात करने वाले बृजेश के परिचितों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। घटना के बाद से गायब स्कूटी व मोबाइल का पता नहीं चला है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल चल रही है।

# नर्स का पर्स लूटने वाले बदमाश गिरफ्तार

**जासं., गोरखपुर** : गोरखनाथ पुलिस ने नर्स का पर्स लूटने वाले तीन बदमाशों को सोमवार की शाम गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार दोपहर उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। ये जानकारी सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह ने थाना में प्रेसवार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि पटनिया चौराहे पर रहने वाली अनीता सिंह एक जुलाई की शाम साढ़े छह बजे ड्यूटी से घर लौट रही थी।

शांतिवरम लान के पास स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने अनीता के हाथ से झोला छीन लिया। उसमें दो सेट कपड़ा, एक हजार रुपये और मोबाइल फोन था। मुखबिर की सूचना पर गोरखनाथ के रसूलपुर निवासी जीशान अहमद, पुराना गोरखपुर निवासी मोहम्मद अनस और मोहम्मद इस्लाम को सोमवार शाम गिरफ्तार किया या। उनके कब्जे से लूटा गया सामान बरामद हुआ।




पुलिस की अभिरक्षा में गिरफ्तार बदमाश और उनके बारे में पत्रकारों को जानकारी देते क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ रत्नेश सिंह ●जागरण

## कच्ची शराब के धंधे में लिप्त दंपती को भेजा जेल

गुलरिहा। पुलिस ने सोमवार की रात सराय गुलरिहा गांव में कच्ची शराब बनाकर बेचने वाले दंपती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों प्रकाश निषाद व केशव देवी के पास से कच्ची शराब, लहन, महुआ बरामद कर नष्ट किया। उपनिरीक्षक रामप्रवेश सिंह की तहरीर पर केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। ब्यूरो

# नर्स का पर्स लूटने के आरोपितों को किया गिरफ्तार

**गोरखपुर।** नर्स का पर्स लूटने वाले तीन बदमाशों को सोमवार शाम गोरखनाथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार की दोपहर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

आरोपितों की पहचान रसूलपुर निवासी जीशान अहमद, पुराना गोरखपुर निवासी मोहम्मद अनस और मोहम्मद इस्लाम के रूप में हुई है। सीओ रत्नेश सिंह ने बताया कि पटनिया चौराहे के पास रहने वाली अनीता सिंह एक जुलाई की शाम साढ़े छह बजे ड्यूटी से घर लौट रही थीं। शांतिवरम लान के पास स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने उनके हाथ से झोला छीन लिया। इसमें दो सेट कपड़े, एक हजार और मोबाइल फोन था। उनके पास से स्कूटी और झोला बरामद हुआ है। झोले में कपड़े, मोबाइल फोन मिला है। ब्यूरो

## चौरीचौरा : लूट के दो आरोपितों को जेल भेजा

**चौरीचौरा।** तरकुलहा जंगल में 10 जुलाई को एक व्यक्ति से सोने की अंगूठी और चार हजार रुपये लूटने वाले दो बदमाशों को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। नगर पंचायत मुंडेरा बाजार के वार्ड नंबर 5 निवासी सुनील वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को तरकुलहा से जंगल के रास्ते अपने घर जा रहे थे, तभी दो लोगों ने रास्ता रोक लिया और चार हजार रुपये नगद और सोने की अंगूठी छीन ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने राहुल शर्मा व चंदन शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। ब्यूरो

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** बडहलगंज पुलिस ने मंगलवार की सुबह ओझौली पुल के पास से गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान बड़हलगंज के तिहा मुहम्मदपुर निवासी शेषनाथ और मरचीपार निवासी शिवसरन के रूप में हुई। इन पर पशु क्रूरता के कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपितों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# पुलिस ने दुर्लभ प्रजाति के पक्षियों को बरामद किया, तस्कर भाग गया

## मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सभी को विनोद वन में छोड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** कैंट थानाक्षेत्र स्थित एयरफोर्स चौकी की पुलिस ने मंगलवार को दुर्लभ प्रजाति के पक्षियों को बरामद किया। वहीं पुलिस को देखकर तस्कर भागने में सफल हो गया। पुलिस ने वन विभाग की टीम को पक्षियों के साथ बरामद बाइक को भी सौंप दिया। डीएफओ अविनाश कुमार ने बताया कि सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची थी। उन्होंने सभी पक्षियों को विनोद वन में छोड़ दिया।



एयरफोर्स चौकी पुलिस ने दुर्लभ प्रजाति के पक्षियों को बरामद किया। संवाद

डीएफओ ने बताया कि इन दोनों प्रजाति की पक्षियों को पालन या रखना अपराध है। अधिकतर लोग इन पक्षियों को ऐसे ही तस्करों से खरीदकर खुद अपराध में शामिल हो जाते हैं। दरअसल, मंगलवार सुबह चौकी प्रभारी सुनील गुप्ता ने मुखबिर की सूचना पर ननंदानगर अंडरपास से मोटरसाइकिल सवार तस्कर का पीछा किया।

पुलिस को देखकर वह बाइक खड़ी कर भाग गया। पुलिस को मोटरसाइकिल से एक बैग मिला, उसमें सौ से अधिक दुर्लभ प्रजाति की पक्षियां थीं। पुलिस ने उनको वन विभाग को सौंपा। बैग में 25 से अधिक तोते और मुनिया प्रजाति के पक्षी भी थे। इसके अलावा एक अज्ञात बाइक भी बरामद हुई। वन विभाग ने बाइक को कब्जे में लेकर उसका चालान किया।

# ईमानदारी की पेश की मिसाल एसएसपी ने किया सम्मानित

## फल विक्रेता, ऑटो चालक और सिपाही को मिला सम्मान

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** लावारिस मिली नकदी या फिर कीमती सामान लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश करने वाले तीन लोगों को एसएसपी ने मंगलवार को सम्मानित किया। एसएसपी से मिलकर खुश तीनों ने कहा कि सम्मान पाकर लग रहा है कि वास्तव में हमने नेक काम किया है।

जानकारी के मुताबिक, राजघाट के चकरा अव्वल निवासी फल विक्रेता जोगिंदर निषाद को दो लाख रुपये कीमत का आई पैड गिरा मिला था। उन्होंने इसकी सूचना ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी को दी और फिर उसे असल मालिक तक पहुंचाया गया। इसी तरह कैंट इलाके के गोकुलपुरम निवासी ऑटो चालक मनोज कुमार शर्मा को एक बैग मिला था जिसमें 20 हजार रुपये नकद और करीब 25 हजार रुपये के कीमती सामान थे। उसे उन्होंने एयरफोर्स चौकी प्रभारी की मदद से मालिक तक पहुंचाया था। इसी तरह नौसड़ के हेड कांस्टेबल सुधीर सिंह को पासवान ढाला के पास से एक पर्स गिरा मिला था। उसे उन्होंने मालिक तक पहुंचाया।



समाज के लिए प्रेरणादायक काम करने वाले फल विक्रेता जोगिंदर निषाद, ऑटो चालक मनोज कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल सुधीर सिंह को एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु की ओर से मंगलवार को सम्मानित किया गया। संवाद

### रुपये से भरा बैग महिला को लौटाया

*गोरखपुर। जंगल कौड़िया के पास ऑटो से उतरी बुजुर्ग महिला का पर्स गिर गया था। पर्स ऑटो में बैठी संजू गुप्ता को मिल गया। पर्स में 34 हजार रुपये थे। संजू ने पीपीगंज पुलिस बूथ पर उतरकर इसकी जानकारी दी। पुलिस ने महिला की पहचान की तो पता चला कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पर्स है। पुलिस की मौजूदगी में पर्स लौटाया गया।*

# मुठभेड़ के दौरान तीन पशु तस्कर गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

## पशु तस्करों से बिना नंबर की एक पिकअप, चोरी की दो बाइक देसी तमंचा व कारतूस बरामद

**चौरीचौरा (गोरखपुर)।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डुमरीखास के पास सोमवार रात पुलिस और पशुओं तस्करों के बीच मुठभेड़ हुई, इस दौरान पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहे तीन तस्कर पकड़े गए। उनके पास से बिना नंबर की एक पिकअप, चोरी की दो बाइक और देसी तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

पकड़े गए तस्करों की पहचान पिपराइच के छोटी रेतवहिया निवासी जितेंद्र, सिंकदर और कठउर निवासी रामलखन निषाद के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात सोनबरसा के चौकी प्रभारी मदन मोहन मिश्रा हमराही उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव व टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि ग्राम पंचायत डुमरीखास के पास सेंट जोसफ स्कूल से छपरा मंसूर की तरफ जाने वाली सड़क पर नहर पुलिया के पास कुछ पशु तस्कर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश कर रहे हैं।

मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पुलिया के पास से आ रही गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया तो तस्करों ने फायर कर दिया। पुलिस ने अपने को बचाते हुए तीन पशु तस्करों को पकड़ लिया।

चौकी प्रभारी मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए पशु तस्कर चोरी के वाहन से क्षेत्र में पहुंचते थे और क्षेत्र के घुमंतू या दरवाजे पर बंधे पशुओं को चुरा कर एक जगह इकट्ठा करते थे। इसके बाद वे उनकी तस्करी करते थे। पुलिस ने तस्करों पर हत्या की कोशिश, जालसाजी, गोवध अधिनियम, आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है।

# गुहार : पुरुष के साथ महिला सिपाही की न लगाई जाए ड्यूटी

## ऑनलाइन बातचीत के दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने एडीजी को बताई समस्याएं

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** महिला पुलिसकर्मियों ने कहा कि पुरुष हमराही के साथ ड्यूटी करने में असहज महसूस होता है। इसके साथ ही बाहर ड्यूटी पर जाने पर चेंजिंग रूम न होने से परेशानी होती है। महिला पुलिसकर्मियों ने एडीजी अखिल कुमार से ऑनलाइन संवाद में यह समस्या बताई।

एडीजी अखिल कुमार ने मंगलवार को जोन के सभी जिलों की महिला पुलिसकर्मियों से ऑनलाइन बात की। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने बेबाकी से अपनी समस्या को साझा किया। उन्होंने कहा कि एडीजी ने सभी सुझावों पर विचार कर समाधान का आश्वासन दिया है।

इस दौरान गोरखपुर से नेहा सिंह, देवरिया से शिवी श्रीवास्तव, कुशीनगर से निकिता मिश्रा, महराजगंज से ज्याति सिंह, बस्ती से सुकृति मिश्रा, संतकबीरनगर से शिवानी सिंह, सिद्धार्थनगर से ज्योति पांडेय, गोंडा से सोनिया सिंह, बहराइच से गोल्डी त्रिपाठी, बलरामपुर से ज्योति मिश्रा, श्रावस्ती से मोहिनी विश्वकर्मा ने अपनी बात रखी।



एडीजी ने महिला आरक्षण की सुविधा को लेकर ऑनलाइन मीटिंग की। संवाद

### एडीजी के समक्ष रखी गईं मांगें

- थानों में महिला टायलेट की व्यवस्था हो
- गश्त के लिए सभी के पास वाहन हों।
- थानों में बच्चों के साथ रहने की आवासीय सुविधा हो।
- पुरुष आरक्षी के साथ बीट में गश्त पर न भेजा जाए।
- स्वयं एवं परिवार के लिए कोविड जांच कैंप आयोजित हो।
- वीआईपी ड्यूटी पर जाने पर रहने, खाने की व्यवस्था हो।
- यथासंभव नजदीक ड्यूटी लगाई जाए।
- थानों में चेंजिंग रूम हो।
- दो महिला आरक्षियों की एक साथ ड्यूटी लगाई जाए।

## एटीएम का एसी चुराने वाला पकड़ा गया

**गोरखपुर।** कोतवाली पुलिस ने एसबीआई के एटीएम की एसी चोरी करने वाले आरोपित को मंगलवार की सुबह पकड़ लिया। उसके पास से एसी बरामद हुआ है। आरोपित को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। सीओ कोतवाली वीके सिंह ने बताया कि नौ जुलाई की रात एसबीआई की खूंनीपुर शाखा के एटीएम में लगी एसी चोरी हो गई थी। शाखा प्रबंधक नीरज कुमार सिंह ने 11 जुलाई को मुकदमा दर्ज कराया था। एटीएम में लगे सीसी कैमरे की मदद से मंगलवार की सुबह राजघाट के खोखर टोला निवासी मोहम्मद रेहान को गिरफ्तार किया। ब्यूरो

# बहू के अनैतिक संबंध का विरोध करने पर की गई थी सास की हत्या, गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** भानमती की हत्या बहू के अनैतिक संबंधों का विरोध करने के चलते हुई थी। पुलिस ने मंगलवार को मामले का पर्दाफाश करते हुए आरोपित गोविंद को गिरफ्तार कर लिया है।

भानमती की लाश खजनी इलाके के तालनवर कुडई माई स्थान के पास एक जुलाई को मिली थी। पुलिस ने आरोपित गोविंद को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, एक जुलाई को शव मिलने के बाद भानमती के पति ने बहू और गीडा के जीतपुर निवासी गोविंद पर संदेह जाहिर करते हुए तहरीर दी थी।

### खजनी इलाके में मिला था भानमती का शव, पति ने दर्ज कराया था केस

पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया था और आरोपित की तलाश में जुटी थी। इसी बीच मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि बरडाड बाजार के पास गोविंद मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया है। पूछताछ में आरोपित ने वारदात करना स्वीकार किया।

पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल फावड़े का बेट बरामद कर लिया है। हत्या की साजिश में बहू की भूमिका की भी तहकीकात की जा रही है। की गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मौर्या, सिपाही अशोक चौधरी, अजय कुमार, महिला सिपाही अमीषा सिंह शामिल थीं।

DEORIYA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-07-2021

राष्ट्रीय सहारा दि. 14/07/21

# बंदियों की सुनी गयी समस्याएं

**देवरिया(एसएनबी)**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायधीश आरिफ निसामुद्दीन कहा कि जिन महिला बन्दियों के अधिवक्ता नही है उन्हे पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध कराये जाएं। उन्होने जेल में बढते कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के

**न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश**

अध्यक्ष/जिला जज रवि नाथ के मार्गदर्शन में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/न्यायिक अधिकारी सुमिता द्वारा जिला कारागार का निरींक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने बन्दियों से वार्ता कर उनकी समस्याओ को सुना। नवांगतुक बन्दियों ने पैरवी के लिये अधिवक्ता न होने का कथन किया उन्हे तत्काल पैनल लायर्स की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सचिव द्वारा जेल के चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। बन्दियों को उनके उनकी बीमारी के मुताबिक पोषण/भोजन, दूध देने को जेल के चिकित्सक को निर्देशित किया। जेल विजिटर को निर्देश दिये गये कि जिन बन्दियों को उनके मुकदमें सम्बन्धी जो भी समस्या हो उसकी लिस्ट बनाकर मेरे समक्ष रखना सुनिश्चित करें। सचिव ने कहा जिसमें सुलह के आधार पर बन्दी अपने मुकदमे निपटा सकते है। निरीक्षण के समय जेलर जितेंद्र तिवारी, जेल विजिटर, राजू यादव आदि उपस्थित रहे।



रा० सहारा 14/07/2

हिन्दुस्तान दि. 14/7/21

# प्राधिकरण के सचिव ने जिला जेल का किया निरीक्षण

**देवरिया | निज संवाददाता**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने जेल के अधिकरियों से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने और मरीजों की इलाज कराने का निर्देश दिया। इसके साथ महिला बंदियों की पैरवी के लिए अधिवक्ता मुहैया कराने को कहा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायधीश आरिफ निसामुद्दीन ने दोपहर में जिला कारागार का निरीक्षण किया। जज ने जिला कारागार में कोरोना संक्रमण के तीसरे चरण को देखते हुए बचाव के लिए परिसर और जेल में साफ सफाई रखने का निर्देश दिया।



जिला कारागार का जायजा लेने पहुंचे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव।

इसके साथ ही बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओ को सुना। जिला कारागार में आए नए बंदियों की पैरवी के लिए अधिवक्ता न होने पर प्रार्थना पत्र जेल प्रशासन को देने को कहा। जिससे उनके लिए तत्काल पैनल लायर्स की सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। इसके साथ जेल के अस्पताल में बंदियों को उनकी बीमारी के अनुसार पोषण, भोजन, दूध देने का जेल के चिकित्सक को निर्देश दिया। इसके साथ ही कोविड-19 महामारी के चलते जिला कारागार में अस्थायी जेल स्थापित की गयी है। जिसमें महिला बंदी व पुरूष बन्दियों के लिये अलग-अलग व्यवस्था की गई है। जेल विजिटर को निर्देश दिया गया कि जिन बंदियों को उनके मुकदमें सम्बन्धी जो भी समस्या है उसकी लिस्ट बनाकर कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। जिसमें सुलह के आधार पर बन्दी अपने मुकदमे निपटा सकते है। इस दौरान प्रभारी जेल अधीक्षक जितेन्द्र तिवारी, जेल चिकित्सक डॉ.संजय गुप्ता, डिप्टी जेलर बंदना त्रिपाठी, जेल विजिटर राजू यादव आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान १४/७/२१

# फर्जीवाड़ा कर बैनामा करने वाले दो पर केस

**देवरिया।** फर्जीवाड़ा कर भूमि का बैनामा कराने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो के विरुद्ध धोखाधड़ी और कूटरचना का मुकदमा दर्ज किया है। भलुअनी थाना क्षेत्र के सुरौली गांव के रहने वाले सुनील कुमार पुत्र विजय प्रताप शाही की भूमि का कुछ लोगों ने फर्जीवाड़ा कर भूमि को अपने नाम करा लिया था। पीड़ित ने घटना की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी। लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित ने घटना का प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक को दिया। पुलिस अधीक्षक ने मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रामायन निवासी सुरौली थाना भलुअनी और असरफी पत्नी उदयभान यादव निवासी सुरौली थाना भलुअनी के विरुद्ध आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया।

दैनिक जागरण दि. 14/7/21

# बीमार बंदियों को दें पोषणयुक्त भोजन व दूध

जासं, देवरिया: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आरिफ निसामुद्दीन ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान मिलीं कमियों को दूर करने का निर्देश दिया।

दोपहर बाद अचानक सचिव कारागार पुहंचे और बैरक व अस्पताल का निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने बंदियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि जिन बंदियों के पास अधिवक्ता पैरवी करने के लिए नहीं है, वह प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र देकर अधिवक्ता ले सकते हैं। कोरोना संक्रमण को देखते हुए विशेष सफाई रखी जाए। इस दौरान उन्होंने बीमार बंदियों को पोषणयुक्त भोजन व दूध उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

जेलर जेपी त्रिपाठी ने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए अस्थायी जेल स्थापित की गई है। जिसमें महिला व पुरुष बंदियों को अलग-अलग रखने की व्यवस्था है। इस दौरान जेल विजिटर राजू यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# हम सक्षम, पुरुषों संग न लगाएं ड्यूटी

जासं, गोरखपुर : एडीजी जोन अखिल कुमार ने सोमवार को जोन के सभी थानों में तैनात महिला आरक्षियों से गूगल मीट के जरिये गोष्ठी की। कामकाज की जानकारी लेने के बाद उनसे समस्या पूछी। इस दौरान बेबाकी से महिला पुलिसकर्मियों ने अपनी समस्या साझा की। महिला सिपाहियों ने पुरुषों के साथ ड्यूटी न लगाए जाने को कहा। उन्होंने कहा हम चुनौती से निपटने में सक्षम हैं। इसके अलावा 12-12 घंटे की ड्यूटी न लिए जाने का अनुरोध किया। एडीजी ने सबकी बात सुनने के बाद समाधान कराने का भरोसा दिया।

**अनुरोध**

- गूगल मीट में एडीजी से बोलीं महिला सिपाही
- जोन के 196 थानों पर तैनात सिपाहियों से किया संवाद

एडीजी ने जोन के 196 थानों पर तैनात दो-दो महिला सिपाहियों से बात की। जिसमें सभी जिलों के अपर पुलिस अधीक्षक, महिला थाना प्रभारी व शेरनी दस्ता पर तैनात सिपाही शामिल हुईं। गोष्ठी में गोरखपुर में तैनात नेहा सिंह, देवरिया से शिवी श्रीवास्तव, कुशीनगर से निकिता मिश्रा, महराजगंज से ज्योति सिंह, जनपद बस्ती से सुकृति मिश्रा,संतकबीरनगर से शिवानी सिंह और सिद्धार्थनगर से ज्योति पांडेय ने विचार व्यक्त किए। कहा कि हमराह के तौर पर पुरुष आरक्षी के साथ बीट में जाने पर असहज महसूस करती हैं। वह खुद सक्षम हैं, इसलिए दो महिला सिपाहियों को एक साथ भेजा जाए। इसके अलावा थानों पर महिला टायलट, बैरिक आवास में बच्चों को साथ रहने की व्यवस्था कराई जाए। वीआइपी ड्यूटी में बाहर जाने पर रहने और खाने की व्यवस्था करने के साथ ही नजदीक ड्यूटी लगाई जाए। थानों में चेंजिंग रूम बनवाया जाए। एडीजी अखिल कुमार ने बताया कि गोष्ठी में आए सुझाव पर विचार किया जाएगा।

दैनिक जागरण दि. 15/7/21

# पौधारोपण कर संरक्षण का लिया गया संकल्प




पुलिस लाइन परिसर में दैनिक जागरण के पंचवटी अभियान के तहत पौधारोपण करते मध्य में एसपी डा. श्रीपति मिश्र, दाएं एएसपी राजेश सोनकर, सीओ श्रीयस त्रिपाठी, बाएं प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चंद पांडेय • जागरण

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** दैनिक जागरण के पंचवटी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक डा. श्रीपति मिश्र ने पुलिस लाइन में रामायणकालीन बरगद, पीपल, बेल, आंवला व अशोक के पांच पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि दैनिक जागरण पत्रकारिता के साथ ही अपने कार्यों से समाज को दिशा देने का कार्य करता है। दैनिक जागरण के पंचवटी अभियान की जितनी सराहना की जाए कम है। जागरण ने समाज के लोगों को पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित व प्रेरित किया है। जिले में लोग जागरूक हुए और पौधारोपण किया।

कहा कि पेड़-पौधों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की संकल्प लें और उसे संरक्षित करें। पौधे बड़ी संख्या में लगाए जा रहे हैं लेकिन संरक्षण के अभाव में वह बड़े नहीं हो पा रहे। ऐसे में जितना जरूरी पौधारोपण है उतना ही जरूरी पौधों को संरक्षित करना भी है। उन्होंने पुलिस कर्मियों से कहा कि पुलिस लाइन में आज जितने भी पौधे लगे हैं, उनमें एक भी पौधा सूखना नहीं चाहिए। इन पौधों को संरक्षित कर बड़ा करना है। उन्होंने आरआई व पीटीआई को पौधों के सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सौंपी। यहां मुख्य रूप से एएसपी राजेश सोनकर, सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी, आरआई प्रकाश चंद पांडेय, महिला थानाध्यक्ष प्रीती सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजू

दैनिक जागरण दि० 14/7/21

# मनिहारी में पुलिस ने दी दबिश, नहीं मिला शिक्षक

जागरण संवाददाता, देवरिया: जनपद में अनुदानित विद्यालयों में फर्जी अनुमोदन पर शिक्षकों की नियुक्ति कर करोड़ों रुपये के हुए गोलमाल के मामले की विवेचना कोतवाली पुलिस ने शुरू कर दी है।

मंगलवार को कोतवाली पुलिस फरार शिक्षक की गिरफ्तारी के लिए सलेमपुर कोतवाली के मनिहारी पहुंची, लेकिन आरोपित शिक्षक के न मिलने के चलते बैरंग लौटना पड़ा। उधर मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय के गायब होने के चलते पुलिस बयान दर्ज नहीं कर पा रही है। लघु माध्यमिक विद्यालय मदरसन व सहदेव पूर्व माध्यमिक विद्यालय में फर्जी अनुमोदन पर हुई शिक्षकों की नियुक्ति व भुगतान के पर्दाफाश के बाद वित्त एवं लेखाधिकारी जगदीश लाल श्रीवास्तव समेत 19 लोग आरोपित बनाए गए हैं। विवेचना सदर कोतवाल राजू सिंह कर रहे हैं। कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि फरार शिक्षकों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

**कुछ अन्य हो सकते हैं आरोपित** : - अनुमोदन 2011-12 व भुगतान पांच साल बाद किया गया। भुगतान करने वाले तत्कालीन बीएसए भी अब जांच के घेरे में आ गए हैं। आखिर इतने लंबे समय बाद भुगतान कैसे हो गया। इसके अलावा जिन विद्यालयों के शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, उन विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य व अन्य लोग भी आरोपित बन सकते हैं।

दैनिक जागरण दि० 14/7/21

# गो-वंशीय पशु बरामद, दो पर मुकदमा

जासं, देवरियाः सदर कोतवाली क्षेत्र के सोनूघाट के समीप पुलिस ने पिकअप पर लदे चार गो-वंशीय पशुओं को बरामद किया। तस्कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दो तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जेल चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि भोर में गश्त पर सोनूघाट की तरफ निकले थे। इस बीच पिकअप आई, रोक कर तलाशी ली गई तो चार गो-वंशीय पशु बरामद हुए, जिसमें से एक की मौत हो गई थी।

अमर उजाला दि० 14/7/21

# फोन कर किशोरी से की अभद्र टिप्पणी उलाहना देने पर पीटा, युवक हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

**भटनी।** ननिहाल में आई किशोरी के मोबाइल पर फोन कर युवक ने अभद्र टिप्पणी की। बाद में उलाहना से नाराज युवक ने मां-बेटी की पिटाई कर दी। शिकायत पर पुलिस युवक को हिरासत में लेकर जांच में जुटी है।

बरहज थाना क्षेत्र की एक किशोरी अपने मां के साथ एक माह पूर्व भटनी के एक गांव में ननिहाल में घूमने आई। इसी दौरान नाना की मौत हो गई तो वह यहीं रुक गई। सोमवार देर शाम ननिहाल का एक युवक किशोरी के मोबाइल पर फोन कर अकेले में मिलने को बुलाया। उसने इन्कार कर दिया तो अभद्र टिप्पणी करने लगा। पीड़िता ने इसकी जानकारी अपनी मां को दी। मां ने युवक के परिजनों से इसकी शिकायत की। इससे नाराज युवक ने मां और बेटी को पीट दिया। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने आरोपित को थाने लाई। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर जांच में जुट गई। मंगलवार को दोनों पक्ष थाने पर जमे रहे। प्रभारी एसओ अश्विनी प्रधान ने कहा कि प्रेम प्रसंग का मामला है। युवक को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है।

अमर उजाला दि० 14/7/21

# गोष्ठी में पुलिसकर्मियों का छलका दर्द

## एडीजी ने की ऑनलाइन गोष्ठी, दिक्कतें दूर करने के लिए दिया आश्वासन

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने सोमवार की शाम को जोन के विभिन्न जनपदों के दो-दो महिला आरक्षियों के साथ आनलाइन गोष्ठी की। इसमें महिला सिपाहियों ने अपनी समस्याओं को खुल कर बताया। इस पर एडीजी ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

एडीजी की ऑनलाइन मीटिंग में सभी जनपदों के अपर पुलिस अधीक्षक, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी, महिला थाना प्रभारी, पेशकार, शेरनी दस्ता और प्रत्येक के थाने से चयनित दो महिला आरक्षियों ने प्रतिभाग किया। इसमें जनपद से मुख्य आरक्षी शिवा श्रीवास्तव, गोरखपुर से नेहा सिंह, कुशीनगर से निकिता मिश्र, महाराजगंज ज्योति सिंह, बस्ती सुकृति मिश्र, संतकबीर नगर शिवानी सिंह, सिद्धार्थ नगर ज्योति पांडेय, गोंडा सोनिया सिंह सहित जोन अन्य जनपदों की महिला आरक्षियों ने एडीजी को बताया कि थाने में टायलेट, क्षेत्र आने जाने के लिए स्कूटी, थाने में बच्चों के साथ रहने की आवासीय व्यवस्था की जाए। बच्चों को साथ लेकर रहने वाली महिला सिपाहियों को अवकाश न मिलने और पुरूष आरक्षियों के साथ हमराह के तौर पर बीट जाने से असहज होने की बात कही।

स्वयं और परिवार के लिए कोविड टेस्ट शिविर, वीआईपी ड्यूटी में बाहर जाने महिलाओं को खाने,रहने की नजदीक व्यवस्था किया जाए। प्रयास किया जाए किया जाए कि दूर दराज ड्यूटी में न भेजा जाए। 12-12 घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाए। थाने में चेंजिंग रूम बनाया जाए। बच्चों वाली महिला पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर आने में दिक्कतें होती हैं, इसके लिए कोई व्यवस्था किया जाए। दो महिलाओं को एक साथ ड्यूटी पर जाने की व्यवस्था की जाए। इन समस्याओं के निदान के लिए प्रभारी मीडिया सेल ने सभी पुलिस अधिकारियों को पत्र भेजा है।

## महिला बंदियों ने की अधिवक्ता न होने की शिकायत, सचिव ने दिया आश्वासन



देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश आरिफ निसामुद्दीन व न्यायिक अधिकारी सुमिता ने मंगलवार को जिला जेल का औचक निरीक्षण किया। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जेल में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। निरीक्षण के दौरान कुछ महिला बंदियों की शिकायत पर उन्हें अधिवक्ता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना। नए बंदियों ने पैरवी के लिए अधिवक्ता न होने की बात कही। न्यायाधीशों ने उन्हें तत्काल पैनल लायर्स की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जेल चिकित्सालय में बंदियों को उनकी बीमारी के मुताबिक पोषण, भोजन, दूध देने को मुहैया कराने के लिए चिकित्सकों को निर्देशित किया। कोविड-19 महामारी के चलते जिला कारागार में अस्थायी जेल स्थापित की गई है। जिसमें महिला बंदी व पुरूष बंदियों के रहने के लिए अलग-अलग व्यवस्था है। न्यायाधीशों ने जेल विजिटर से कहा कि जिन बंदियों को उनके मुकदमे संबंधी जो भी समस्या हो, उसकी लिस्ट बनाकर मेरे समक्ष रखना सुनिश्चित करें। इस दौरान जेलर जितेंद्र तिवारी, जेल विजिटर, राजू यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-07-2021

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**हाटा।** पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र पटेल के निर्देशन में कोतवाली पुलिस एक मुकदमे में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मंगलवार को कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश पाठक ने अपने हमराहियों के साथ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं के मुकदमे में वांछित रजवंत सिंह पुत्र अकलू सिंह निवासी मेदनीपुर टोला बेनीगंज थाना घुघुली महराजगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। टीम में एस आई भूपेंद्र सिंह चौहान, राम बेलास यादव शामिल रहे।

# हल्का नहीं, गांव स्तर पर होगी बीट सिपाहियों की तैनाती

फाजिलनगर | हिन्दुस्तान संवाद

एडीजी जोन अखिल कुमार के निर्देश पर दो निरीक्षक मंगलवार को पटहेरवा थाने के नकटहा मिश्र गांव पहुंचे और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों से कई सवाल किए। पूछा कि समस्याएं पुलिस को बताने पर पटहेरवा पुलिस समाधान करती है या नहीं। उन्होंने एडीजी के निर्देश का हवाला दिया कि नई व्यवस्था के तहत अब सिपाहियों की तैनाती हल्के के बजाय गांव स्तर पर की जाएगी।

एडजी जोन कार्यालल के निरीक्षक डॉ. अखिलानन्द उपाध्याय व मु. सबाहुद्दीन जब पटहेरवा थाना क्षेत्र के नकटहा मिश्र गांव में पहुंचे। उनके साथ एसओ पटहरेवा की टीम भी मौजूद थी। ग्रामीणों से पुलिसिया कार्यप्रणाली की हकीकत जानने के बाद उन्होंने बीट सिपाहियों को कार्यप्रणाली बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कहा कि अब सिपाहियों की तैनाती बीटवार नहीं, गांववार होगी। जो जिस गांव में तैनात है, वहां के लोगों के बारे में जानकारी रखते हुए सम्भ्रांत लोगों का एक ग्रुप बनाएगा, जिसमें थाना प्रभारी के साथ पुलिस के उच्चाधिकारी भी जुड़ेंगे।

दोनों पुलिसकर्मियों ने गांव में तैनात सिपाही और हल्के के उपनिरीक्षक से गांव के लेखपाल, सचिव आदि लोगों के बारे में जानकारी ली। कहा कि अपने तैनाती वाले गांव में सभी सिपाही प्रत्येक दिन पहुंचेंगे और गांव के बारे में जानकारी लेंगे। छोटी मोटी समस्याओं को गांव में ही हल कराने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा कोई व्यक्ति या युवक असामाजिक कार्यों के तरफ बढ़ रहा है तो इसकी सूचना अधिकारियों को देंगे। इस दौरान ग्रामीणों ने कुछ मुद्दों पर पुलिस की कार्यप्रणाली को बेहतर तो कुछ के जवाब में काफी सुधार की गुंजाइश बतायी।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, बरिष्ठ उपनिरीक्षक पीएन सिंह, उपनिरीक्षक सुभाषचंद बत्स सिपाही सूबेदार, लक्ष्मी पाल के अलावे ग्राम प्रधान मनोज पाण्डेय, दिनेश मिश्रा, शंकर पाण्डेय, डॉ. लियाकत खान आदि मौजूद थे।



ग्रामीणों से जानकारी लेते एडीजी कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर अखिलानन्द उपाध्याय।

## एडीजी कार्यालय के निरीक्षकों ने तुर्कपट्टी थाने का जाना हाल

तुर्कपट्टी | हिन्दुस्तान संवाद

एडीजे जोन गोरखपुर अखिल कुमार के निर्देश पर एडीजे कार्यालय से निरीक्षकों की दो सदस्यीय टीम मंगलवार को तुर्कपट्टी थाने पहुंची। निरीक्षक टीम ने यहां पहुंचकर न सिर्फ पुलिस व्यवस्था की जानकारी ली बल्कि जहां कमियां दिखीं, वहां हिदायत दी गयी। अच्छे कार्यों को लेकर पुलिसकर्मियों की पीठ भी थपथपायी। तुर्कपट्टी थाना की कार्यप्रणाली को लेकर निरीक्षक टीम संतुष्ट दिखी।

गोरखपुर जोन के एडीजे कार्यालय में तैनात निरीक्षक डॉ अखिलानंद उपाध्याय व सबाहुद्दीन ने तुर्कपट्टी थाना के सभी पुलिस कर्मियों के बीट बुक, व्हाट्सएप ग्रुप, जीडी और सी-प्लान ऐप सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी ली। जहां अधिकतर पुलिस कर्मी बीट बुक सहित अन्य बिंदुओं पर सक्रिय दिखे तो वहीं जिन पुलिस कर्मियों के बीट बुक में कमी देखी गई उन्हें जल्द सुधारने की हिदायत भी दी गयी। डॉ अखिलानंद उपाध्याय ने कहा कि एडीजी अखिल कुमार के द्वारा लागू किए गए बीट प्रणाली से पुलिसिया व्यवस्था और भी बेहतर हुई है।

# 20 दिन पूर्व गायब हुई महिला घर लौटी

**खड्डा।** खड्डा कस्बा के एक मोहल्ले से 20 दिन पूर्व गायब विवाहिता सोमवार की रात अपने घर लौट आयी है। परिजनों ने मंगलवार को इसकी जानकारी पुलिस को दी है।

खड्डा कस्बे के एक वार्ड निवासी एक युवक ने आठ माह पूर्व परिवार की रजामंदी से दूसरे समुदाय की लडकी से कोर्ट मैरेज किया। कोर्ट मैरेज के बाद युवती पति के साथ रहने लगी। 20 दिन पूर्व रात 2 बजे विवाहिता पति के घर से गायब हो गयी। पुलिस गुमशुदगी का केस दर्ज कर विवाहिता की खोजबीन में जुट गई। सोमवार की रात महिला के घर लौटने पर ससुराल व मायके पक्ष के लोगों ने राहत की सांस ली है।

# नदी पार करने का प्रयास, चार गिरफ्तार

**बरवापट्टी।** प्रशासन की सख्त रोक के बावजूद छोटी नाव से नारायणी नदी में छोटी नाव से उस पार जाते हुए चार लोगों को बरवापट्टी पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। चारों का पुलिस ने निषेधाज्ञा उल्लंघन के केस में चालान किया गया है।

नदी उस पार के लोगों की खेती उस पार है। नदी का जलस्तर बढ़ जाने के बाद तीन सप्ताह पहले स्टीमर से नदी पार करते हुए दो सौ लोग स्टीमर खराब हो जाने से बीच मझधार में फंस गए थे और बाल बाल बचे थे। उसी समय से प्रशासन ने नदी में स्टीमर और छोटी नाव चलाने पर पाबंदी लगा दी थी। इसके बाद छोटी नाव कुछ नदी पार कर उस पार जाने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने सुनील पुत्र जगरनाथ निवासी बैकुंठपुर कोठी, बलिराम पुत्र राजन निवासी विशुनपुरा, गुड्डू पुत्र सुरेंद्र निवासी बरवापट्टी व नंदलाल पुत्र तूफानी निवासी दशाहवा को गिरफ्तार किया।

# चौपाल में ली पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी

**जासं, बेलवा, कारखाना:** एडीजी जोन के निर्देश पर निरीक्षक डा . अखिलानंद उपाध्याय व मुहम्मद सहाबुद्दीन ने पट्हेरवा थाना क्षेत्र के गांव नकट्हां मिश्र में मंगलवार को चौपाल लगाई। उन्होंने लोगों से पुलिस की कार्य प्रणाली और बीट के सिपाही के बारे में जानकारी ली। गांव में जाने से पहले थाने में दोनों निरीक्षकों ने सभी सिपाहियों और उपनिरीक्षकों की तैनाती के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि नयी व्यवस्था के तहत अब सिपाहियों की तैनाती हलका की बजाय गांव स्तर पर होगी। प्रत्येक सिपाही गांव के संभ्रात लोगों का ग्रुप बनाएगा, उसमें थानाध्यक्ष के साथ पुलिस के उच्चाधिकारी भी जुड़ेंगे। अपने तैनाती वाले गांव में सभी सिपाही प्रतिदिन पहुंचेंगे और छोटी समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। अगर कोई व्यक्ति असामाजिक कार्यो की तरफ बढ़ रहा है तो इसकी सूचना अधिकारियों को देंगे। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, एसएसआइ पीएन सिंह, एसआइ सुभाषचंद वत्स, सिपाही सूबेदार, लक्ष्मीपाल, प्रधान मनोज पांडेय, दिनेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**जासं, हाटा:** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल जयप्रकाश पाठक सुबह गश्त पर थे। गौरीबाजार तिराहे पर पुलिस को देख एक युवक भागने लगा। दौड़ाकर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान रजवंत सिंह निवासी मेदनीपुर टोला बेनीगंज थाना घुघुली जिला महराजगंज के रूप में हुई। कोतवाल ने बताया कि रजवंत के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज है।

# छापेमारी में एक हजार किग्रा लहन बरामद

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** आबकारी व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने नगर से सटे गांव जंगल शाहपुर में मंगलवार को संयुक्त छापेमारी की। इस दौरान 25 लीटर कच्ची तथा एक हजार किलोग्राम लहन बरामद हुआ। धंधेबाज हाथ नहीं आए। पुलिस दो धंधेबाजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

आबकारी निरीक्षक गोपालजी श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम दोपहर में जंगल शाहपुर पहुंची। जहां अवधू व रमेश के घर में छापेमारी कर 25 लीटर कच्ची बरामद की। छापेमारी के दौरान धंधेबाज फराह हो गए थ। इन घरों से लगभग एक हजार किलोग्राम लहन तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए। जिसे टीम ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। टीम ने आसपास के घरों को भी तलाशा, पर वहां कुछ मिला नहीं। आबकारी निरीक्षक ने कोतवाली में धंधेबाजों के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया। टीम में प्रधान आबकारी सिपाही अखिलेश तिवारी, कां. सरूज मिश्र, चौकी इंचार्ज बांसी विजय शंकर सिंह व चौकी के सिपाही शामिल रहे। जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने कहा कि अभियान आगे भी चलता रहेगा।



पडरौना ब्लाक के जंगल शाहपुर में लहन नष्ट करती आबकारी व पुलिस टीम ●जागरण

# लूट का पर्दाफाश, एक धराया

**जासं., पडरौना:** सदर कोतवाली पुलिस ने नगर निवासी महिला का चेन लूटने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर चौथे दिन घटना का पर्दाफाश कर दिया। गिरफ्तार बदमाश के पास से 12 हजार रुपये भी बरामद हुए हैं।

कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि नगर के आवास विकास कालोनी निवासी शांति देवी शनिवार की सुबह छह बजे कालोनी में टहल रहीं थी। इस बीच बाइक से आया बदमाश उनके गले से चेन छीनकर फरार हो गया।

महिला के शोर मचाने पर जुटे आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल के आसपास के घरों में लगे सीसी कैमरे की मदद से पुलिस ने बदमाश की पहचान राज यादव निवासी आंबेडकर नगर नौका टोला थाना कोतवाली पडरौना के रूप में की। आज सुबह नगर स्थित गायत्री मंदिर के समीप मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की पटरी पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि चेन को बेचकर मिले रुपये को उसने खर्च कर दिए। 12 हजार रुपये ही बचे थे। पुलिस टीम में दारोगा आलोक यादव, कां.अजीत यादव व संदीप यादव शामिल रहे।

# सोने की चेन लूटने का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** 10 जुलाई को नगर के आवास विकास कॉलोनी से एक महिला की सोने की चेन लूटने वाले आरोपी को पडरौना कोतवाली की पुलिस ने मंगलवार को गायत्री मंदिर के पास गिरफ्तार कर लिया। सोने की चेन बेचकर रखे गए 12 हजार रुपये नकद भी बरामद किया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि शहर के आवास विकास कॉलोनी में एक महिला से सोने की चेन लूटकर एक आरोपी भाग गया था। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में पुलिस जुटी थी। मंगलवार को उसे शहर के गायत्री मंदिर के पास गिरफ्तार कर लिया गया। उसका नाम राज यादव है। वह पडरौना नगर के ही आंबेडकर नगर नौका टोला वार्ड नंबर-सात का निवासी है। लूटी गई चेन बेचकर रखे गए 12 हजार रुपये नकद उसके पास से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इस गिरफ्तारी में एसआई आलोक कुमार, कांस्टेबल अजीत यादव और संदीप यादव शामिल रहे। संवाद

# 'गांव की हर गतिविधि पर रखें विशेष नजर'

संवाद न्यूज एजेंसी



थाने का मुआयना करते एडीजी ओएसडी अखिलानंद उपाध्याय। संवाद

**पटहेरवा।** एडीजी के निर्देश पर मंगलवार को उनके ओएसडी ने पटहेरवा थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने के अभिलेख की जांच कर थाना परिसर में सफाई रखने और गांवों की हर गतिविधि पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए।

मंगलवार को दोपहर बाद पटहेरवा थाने पहुंचे एडीजी के ओएसडी अखिलानंद उपाध्याय व इंस्पेक्टर सदाहुद्दीन ने थाने के अभिलेख की जांच कर जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया।

पुलिसकर्मियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि बीट के सिपाही अपने गांव की समस्त जानकारी से अपडेट रहें। गांव में हिस्ट्रीशीटर, टॉप टेन अपराधी समेत गांव की अन्य गतिविधि की जानकारी रखें। सप्ताह में एक बार गांव के संभ्रांत लोगों के साथ चर्चा कर अपराध को रोकने में मदद लें। गांव में 20 लोगों की एक टीम का ह्वाट्सएप ग्रुप बनाएं, जिसमे गांव की हर गतिविधि का अपडेट हो। उन्होंने बताया कि यह ग्रुप सीधे एडीजी जोन से जुड़ा रहेगा। ग्रुप की हर गतिविधि पर वहां से नजर रखी जाएगी। इसके बाद पुलिस टीम क्षेत्र के नकटहां मिश्र गांव पहुंची। गांव के लोगों से बात कर पुलिस की कार्यशैली की जानकारी ली। एसओ सुनील सिंह ने बताया कि एडीजी के ओएसडी ने थाने का मुआयना किया है। पुलिसकर्मियों को सुझाव दिया कि पुलिस अपने गांव की हर गतिविधि की जानकारी से अपडेट रहें।

### एडीजी के ओएसडी ने किया पटहेरवा थाने का निरीक्षण

# मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा

**जासं, पडरौना :** खड्डा थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव के उपेंद्र गुप्ता ने थाने में तहरीर सौंप बगल के गांव जिंदाछपरा के चार लोगों पर चुनावी रंजिश में मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित उपेंद्र का कहना है कि मेरे भाई नरसिंह गुप्ता गांव में ग्राम प्रधान पद पर चुनाव लड़े थे। पड़ोसी गांव जिंदाछपरा के योगेंद्र यादव के रिश्तेदार भी दावेदार थे। दोनों लोग चुनाव हार गए। योगेंद्र अपने रिश्तेदार की हार के लिए मेरे भाई को जिम्मेदार ठहराते हुए मंगलवार को सुबह लाठी डंडा से पीटकर मुझे घायल कर दिए। एसएचओ आरके यादव ने कहा कि मामले में योगेंद्र, रामअशीष, उपेंद्र व रवींद्र यादव पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 14-07-2021

# एडीजी ने एसओ को सम्मानित किया

**पुरंदरपुर।** बीट प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिये एडीजी ने पुरंदरपुर एसओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एडीजी अखिल कुमार ने जोन की टीम भेजकर बीट प्रणाली का सत्यापन कराया। सीधे जनता से संवाद कराया और टीम के फीडबैक की तस्दीक कराई। इसमें एसओ रवि कुमार राय को बेहतर कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।

### लखनऊ में आतंकियों के पकड़े जाने के बाद से नेपाल बॉर्डर पर बरती जा रही सतर्कता

# दूसरे दिन भी सीमा पर हाईअलर्ट, जांच तेज

**सोनौली | हिन्दुस्तान संवाद**

लखनऊ में अलकायदा के दो आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद भारत नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट जारी है। नेपाल से हर आने-जाने वालों की गहन जांच की जा रही है। डॉग स्क्वायड के माध्यम से भी जांच की जा रही है पगडंडियों पर गश्त तेज कर दी गई है। खुफिया एजेंसियां चौकन्नी हैं।

दो दिन पहले लखनऊ में अलकायदा के दो आतंकवादियों की गिरफ्तारी के बाद से महराजगंज जनपद से जुड़ी भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। जनपद के सोनौली सीमा पर एसएसबी एवं पुलिस की संयुक्त टीम सीमा से गुजरने वाले लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। सीमा से गुजरने वाले वाहनों और लगेज की जांच डाग स्क्वायड टीम द्वारा की जा रही है। इसके साथ ही हर आने जाने वाले व्यक्ति की सघन तलाशी ली जा रही है।



लखनऊ में आतंकियों के पकड़े जाने पर सीमा पर जांच तेज हो गई है। • हिन्दुस्तान

भारत नेपाल की सीमा खुली होने के कारण आतंकियों की अवैध घुसपैठ की आशंका के मद्देनजर जनपद के सभी होटल एवं लॉज में ठहरने वाले व्यक्तियों की जांच की जा रही है। आतंकी खतरे को देखते हुए पुलिस ने जनपद में रहने वाले सभी किरायेदारों का सत्यापन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही नेपाल से जुड़ी जनपद की 84 किलोमीटर सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी गश्त बढ़ा दी है। सीओ कोमल प्रसाद मिश्र ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी को अलर्ट कर चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है। तहसील के सभी मकानों में रह रहे किरायेदारों का सत्यापन किया जा रहा है। वहीं एसएसबी के उप सेनानायक संजय कुमार ने बताया कि एसएसबी ने सीमा पर गश्त बढ़ा दी है। हर आने-जाने वाले पर पैनी नजर रखी जा रही है।

## किराएदारों का शुरू हुआ सत्यापन

**सोनौली।** सीमा की संवेदनशीलता के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियां चौकस हो गई हैं। इस सीमा से कई आतंकवादियों के पकड़े जाने और किराएदारी पर रह रहे दो संदिग्धों के कारण इस ओर सुरक्षा एजेंसियों की नजर पड़ गई है।

सोनौली और आसपास सहित अन्य प्रदेशों से आकर रहने वाले लोगों का अब पुलिस रिकार्ड रखेगी। इसको लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है। एडीजी के सख्त रवैये के बाद स्थानीय प्रशासन इसको लेकर जगा है। किराएदारी व नौकरों के सत्यापन में पुलिस जुट गई है। सभी से इसके लिए सही कागजात और फोटो संग पुलिस वेरीफिकेशन के लिए थाने पर या चौकी पर बुला रही है।

**यह है कानून :** किरायेदार का सत्यापन न कराना सीआरपीसी की धारा 188 के तहत दंडनीय अपराध है। एक माह की सजा व 200 रुपये का जुर्माना हो सकता है। मकान मालिक की चूक से मानव जीवन के लिए खतरा उत्पन्न होता है तो छह महीने की सजा व 1000 रुपये का जुर्माना हो सकता है।

**सत्यापन जरूरी :** पुलिस थाने में या पुलिस की वेबसाइट पर किरायेदार फॉर्म डाउनलोड कर फार्म मे नौकर या किरायेदार का पासपोर्ट साइज फोटो, नाम पते को सत्यापित करने वाली फोटो आईडी लगा सत्यापन कराना है।

# पत्नी की मौत के बाद पति को जेल

**बृजमनगंज।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र के महुलानी गांव के चौरी में ससुराल आये एक शख्स की पिटाई से घायल उसकी पत्नी की इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बृजमनगंज थाना क्षेत्र के महुलानी गांव के चौरी टोला में ससुराल आये इस शख्स ने बीते 9 जुलाई को कमरे का दरवाजा बंद कर पत्नी को बुरी तरह मारने पीटने के बाद पैर से गला दबा दिया था। महिला को लोगों ने बचाकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन सोमवार को मेडिकल कालेज में उसकी मौत हो गई। एसओ कमलेश प्रताप सिंह ने बताया किपति सुभाष के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया था।

# दरोगा 50 प्रतिशत थानों के प्रभारी बन सकेंगे

लखनऊ | **प्रमुख संवाददाता**

## शासनादेश जारी

- अब तक केवल तिहाई थानों पर ही उन्हें प्रभारी बनाया जा सकता था
- नए आदेश से सब इंस्पेक्टरों का मनोबल बढ़ेगा

उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए 50 प्रतिशत थानों में कर्मठ सब इंस्पेक्टरों को थानाध्यक्ष बनाने का आदेश जारी किया है। अभी तक केवल एक तिहाई थानों पर ही उन्हें प्रभारी बनाया जा सकता था।

मंगलवार को वर्ष 2018 में जारी शासनादेश को संशोधित करके यह बदलाव किया गया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से जारी शासनादेश में कहा गया है कि इंस्पेक्टरों व सब इंस्पेक्टरों की तैनाती उनकी उपयुक्तता, योग्यता, कर्मठता, कार्यकुशलता, सत्यनिष्ठा एवं व्यवहारिक दक्षता के आधार पर ही की जाएगी। इससे उत्कृष्ट कार्य करने वाले इंस्पेक्टरों व सब इंस्पेक्टरों का मनोबल बढ़ेगा। यह उद्देश्य पूरा करने के लिए यदि जरूरी हो तो दो तिहाई थानों में इंस्पेक्टरों की तैनाती की व्यवस्था को शिथिल करते हुए यदि योग्य व उपयुक्त इंस्पेक्टर उपलब्ध नहीं हैं तथा सब इंस्पेक्टर उपलब्ध हैं तो 50 प्रतिशत तक सब इंस्पेक्टरों की तैनाती की जा सकती है।

अपर मुख्य सचिव गृह ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि सभी थानों में योग्य, कर्मठ, कार्यकुशल और अच्छी सत्यनिष्ठा वाले थानाध्यक्ष ही तैनात हों। यह संबंधित पुलिस कमिश्नर, एसएसपी और एसपी का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व होगा।

**40 लीटर कच्ची बरामद**:जासं, श्यामदेउरवा : थाना श्यामदेउरवा के इंस्पेक्टर सुनील कुमार राय ने आबकारी निरीक्षक जिलाजीत सिंह की संयुक्त टीम के साथ अभियान चलाकर थाना के ग्राम बेलासपुर नर्सरी में छापेमारी की। जहां से 40 लीटर कच्ची बरामद किया। साथ ही कच्ची का धंधा करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

# हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**जासं, (हाटा) कुशीनगर:** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश में थी।

कोतवाल जयप्रकाश पाठक हमराहियों संग सुबह गश्त पर थे। गौरीबाजार तिराहे पर पुलिस को देख एक युवक भागने लगा। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उसे धर दबोचा। पूछताछ में उसकी पहचान रजवंत सिंह निवासी मेदनीपुर टोला बेनीगंज थाना घुघुली जिला महराजगंज के रूप में हुई। कोतवाल ने बताया कि पुलिस के हत्थे चढ़े रजवंत के विरुद्ध कोतवाली में हत्या के प्रयास का मुकदमा पंजीकृत है। उसे न्यायालय ले जाया गया, वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# यूपी में उप निरीक्षकों की थानेदारी का कोटा बढ़ा

लखनऊ। चुनावी साल में प्रदेश सरकार ने उप निरीक्षकों का रुतबा बढ़ाने का फैसला किया है। सरकार ने उप निरीक्षकों के थानेदारी का कोटा बढ़ा दिया है। जिलों में अब 33 प्रतिशत के स्थान पर 50 प्रतिशत थानों में उप निरीक्षकों की तैनाती हो सकेगी। ऐसा उप निरीक्षकों को अच्छा काम करने के लिए प्रोत्साहित करने और उनका मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि 11 मई 2018 को जारी आदेश को शिथिल करने का अधिकार जिलों में तैनात पुलिस कमिश्नर और पुलिस अधीक्षकों व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को दे दिया गया है। उक्त आदेश में दो तिहाई थानों पर निरीक्षकों की तैनाती और एक तिहाई थानों पर उप निरीक्षकों की तैनाती की बात कही गई थी। ब्यूरो

## 33 के बजाए अब 50 % थानों पर पा सकेंगे तैनाती

## पारिवारिक विवाद में चार का चालान

**कोल्हुई।** थाना क्षेत्र के ग्राम महदेवा बसडीला में पारिवारिक विवाद में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर चालान कर दिया। ग्राम महदेवा बसडीला में एक पक्ष उमेश व घनश्याम तथा दूसरा पक्ष जीतेंद्र व रामनाथ में पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों लोगों को पकड़कर चालान कर दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष गुलाब यादव ने कार्रवाई की पुष्टि की। संवाद

## बाल संसद सभा का आयोजन हुआ

**नौतनवां।** पूर्वांचल ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा सम्पतिहा पुलिस चौकी पर मानव तस्करी कार्यक्रम अभियान के तहत बाल संसद सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मानव तस्करी के रोकथाम पर जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों को बाल संसदों को पुलिस के बीच मित्रवत व्यवहार करके बालश्रम, बाल विवाह, मानव तस्करी रोकने के लिए जानकारी दी गई। चौकी इंचार्ज गंगाराम यादव, श्रवण कुमार, कृष्ण कुमार, पुष्पा चौधरी, सुनील आदि मौजूद रहे। संवाद

# कोरोना का एक भी मरीज नहीं मिला

**महराजगंज।** कोरोना पॉजिटिव मिलने की संख्या में कमी हो रही है। दो दिन से कोई केस सामने नहीं आ रहा है। मंगलवार को जिले में कोई पॉजिटिव केस नहीं मिला। वहीं दो लोगों ने कोरोना से जंग जीत लिया है। अब तक जिले में 12364 केस सामने आ चुके हैं। जिसमें सक्रिय केस 9 है। वहीं मरने वालों की संख्या 136 है। अब तक 12218 लोगों ने कोरोना से जंग जीत लिया है। यह जानकारी उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आईए अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को 1969 सैंपल जांच के लिए भेजा गया। विभाग की ओर से लोगों को बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। टीम के सभी सदस्य पूरे मनोयोग से कार्य कर रहे हैं। संवाद

BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-07-2021

# डीजी आरपीएफ ने इंस्पेक्टर नरेंद्र को दिया प्रशस्ति पत्र

**बस्ती।** सीबीआई, पुलिस और आरपीएफ के लिए मुसीबत बन चुके ई-टिकट के काले कारोबार के सरगना 50 हजार के इनामी हामिद असरफ को गिरफ्तार करने में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आरपीएफ बस्ती के प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव को डीजी आरपीएफ अरुण कुमार ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। उनके साथ ही गोंडा पोस्ट के प्रभारी प्रवीण कुमार को प्रमाण पत्र दिया गया। दुबई से लौटे हामिद को बंगलुरु एयरपोर्ट से 17 फरवरी 2021 को गिरफ्तार किया गया था। डीजी आरपीएफ की तरफ से लखनऊ मंडल के सीनियर कमांडेंट अमित प्रकाश मिश्र ने उन्हें यह प्रमाण पत्र सौंपा।

# संजय कुमार बने थाना प्रभारी गौर

**बस्ती।** एसपी आशीष श्रीवास्तव व जनपदीय पुलिस स्थापना बोर्ड ने एक इंस्पेक्टर व चार सब इंस्पेक्टर का स्थानांतरण किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर संजय कुमार को गौर का थाना प्रभारी बनाया गया है।

यहां तैनात रहे इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह को ब्लॉक प्रमुख चुनाव में लापरवाही बरतने के आरोप में लाइन हाजिर किया गया था। बाद में विदाई समारोह का वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें एसपी ने निलंबित कर दिया था। इसके अलावा छावनी थाने के एसआई रामभवन को कोतवाली की सोनूपार चौकी का प्रभारी बनाया गया है। चौकी प्रभारी सोनूपार रहे दरोगा योगेन्द्र कुमार को चौकी प्रभारी टिनिच थाना गौर बनाया गया है। मुंडेरवा की मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी के प्रभारी एसआई चन्द्रकान्त पाण्डेय को थाना गौर और परसरामपुर थाने के एसआई रविन्द्र नाथ शर्मा को चोकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज

## गुंडा एक्ट में चार को पाबंद किया गया

बस्ती। तीन थानों की पुलिस ने चार लोगों को गुंडा एक्ट में पाबंद किया है। पुरानी बस्ती पुलिस ने मरवटिया निवासी आकाश चौधरी को, दुबौलिया पुलिस ने जोगहटा निवासी दुर्गेश व अवधेश को और गौर पुलिस ने बेलवरिया निवासी अमित कुमार को गुंडा एक्ट में पाबंद किया है।

# लखनऊ से बरामद हुआ हरैंया क्षेत्र से लापता युवक

छावनी | हिन्दुस्तान संवाद

हरैंया थाने के नदायें गांव से रहस्यमय तरीके से गायब किशोर सोमवार की रात लखनऊ चारबाग के पास एक होटल में सकुशल बरामद कर लिया गया। मंगलवार को पुलिस उसे लेकर बस्ती पहुंची। अपहरण के दर्ज मुकदमे में बरामद किशोर ने जो कारण बताया उसे सुन पुलिस भी हैरान रह गई।

पुलिस के अनुसार भैंस बांधने व खेतीबाड़ी के काम से छुटकारा पाने के लिए पंद्रह वर्षीय किशोर घर छोड़ कर लखनऊ चला गया था। उसने बताया कि पिता ने जून माह में इस बात के लिए उसे डांटा था। तभी से वह घर से बाहर जाने की योजना बना रहा था। एक जुलाई को घर से निकलकर लखनऊ सवारी से जाकर एक होटल पर काम करने लगा था। नदायें निवासी कांशीराम निषाद का 14 वर्षीय बेटा श्याम जी एक जुलाई को रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया था। परिवार के लोग जब घर लौटे तो वह मौजूद नहीं था। अगले दिन की सुबह श्याम ने मोबाइल से अपने अपहरण की सूचना देकर बताया था कि विशेषरगंज मार्ग पर भुसड़िया गांव के सामने सड़क पर उसे दो अज्ञात लोग आंख में पट्टी बांधकर उठा ले गए। अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस को उसकी आखिरी लोकेशन लखनऊ में मिली थी। थाना प्रभारी विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम उसकी खोज में लखनऊ में डेरा डाले हुई थी।

# बस्ती का गांजा तस्कर गोण्डा में गिरफ्तार

**बभनान।** प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे महेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बस्ती-गोण्डा की सीमा पर मकोइया मोड़ के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। एक बाइक से आ रहे दो युवक पुलिस को देखते ही भागने लगे। पकड़कर तलाशी ली तो दो किलो गांजा मिला। नाम-पता राजन तिवारी और सुरेश यादव निवासी खास थाना हरैया बताया।

# असलहे तो मिल रहे पर नहीं मिल रही गायब एके 47

**लापरवाही**

बस्ती | वरिष्ठ संवाददाता

जिले में ताबड़तोड़ मुठभेड़ का दौर जारी है। लुटेरे से लेकर चोर तक गोली लगने से घायल हो रहे हैं। गिरफ्तारी के दौरान किसी के पास बारह बोर तो किसी के पास से 315 बोर का तमंचा बरामद हो रहा। साल दो साल में किसी के पास से रिवॉल्वर भी मिल जा रहा है। लेकिन नहीं मिल रहा है तो पुलिस महकमे का खुद का गायब हुआ असलहा। असलहे भी ऐसे-वैसे नहीं हैं। रिवॉल्वर, पिस्टल से लेकर एके 47 तक फेहरिस्त में शामिल है।

बस्ती रेंज में सर्वाधिक असलहे गायब होने का रिकार्ड बस्ती जिले के नाम है। लेकिन सबसे बड़े और महंगे हथियार के गायब होने का तमगा सिद्धार्थनगर जिले के पास है। पुलिस कर्मियों की लापरवाही तो देखिये दो पिस्टल, एक रायफल बस्ती से और एक एके 47 सिद्धार्थनगर से गायब हुआ है। संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कुछ मामलों में असलहे के मूल्य के बराबर वेतन से रिकवरी की गई तो कुछ में खोजने की जहमत कौन उठाए बल्कि फाइनल रिपोर्ट लगाकर पल्ला झाड़ लिया गया।

**मालवीय रोड से गायब हुई रिवाल्वरः** कोतवाली में 2011 में तैनात एक दरोगा मालवीय रोड स्थित एक लॉज में मौज-मस्ती कर रहे थे। उसी दौरान किसी ने उनकी रिवाल्वर गायब कर दी। सूचना आम हुई तो हड़कंप मच गया। मामले को मैनेज करते हुए रिवाल्वर को कोतवाली से गायब होना बताया गया। कुछ दिन बाद मुकदमें में एफआर लगा दिया गया।

**सोते वक्त होमगार्ड का रायफल हुआ था गायबः** शहर कोतवाली में 25 जनवरी 2013 की रात रंजीत कालोनी चौराहा पर होमगार्ड जितेंद्र वर्मा व एक अन्य की ड्यूटी लगी थी। देर रात दोनों सो गए और इसी बीच किसी ने जितेंद्र की रायफल गायब कर दी। रायफल की तलाश में जेसीबी लगाकर नाला की सफाई कराई गई। लेकिन नतीजा शून्य रहा। कोतवाली में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। लेकिन अभी तक न चोर मिला और न ही राइफल।

### सवाल

- बस्ती रेंज में आठ साल में पुलिस के गायब हुए चार असलहे
- सिद्धार्थनगर जिले से लापता एके 47 का आज तक पता नहीं चला

### पैकोलिया थाने से चोरी हो गई पिस्टल

दस फरवरी 2016 को थाने की एक पिस्टल रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। छानबीन के बाद थाने के ही दरोगा शेषनाथ यादव के खिलाफ तत्कालीन थानाध्यक्ष शिवबरन यादव ने मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे में 19 मार्च 2016 को ही चार्जशीट भी लगा दी गई। लेकिन पिस्टल का पता आज तक नहीं चल सका है।

### मालखाने से गायब हो गई एके 47

दो फरवरी 2019 को इटवा थाने के मालखाने से एके 47 गायब हो गई। सूचना आम होते ही जिले के साथ ही पूरे रेंज में हड़कंप मच गया। तत्कालीन आईजी रेंज आशुतोष कुमार भी थाने पर पहुंच गए। मुकदमा दर्ज किया गया लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात। आज तक असलहा नहीं मिला।

"सरकारी असलहा गायब होना काफी गंभीर मामला है। संबंधित जिले के एसपी से वार्ता कर बरामदगी का आदेश दिया जाएगा। जरूरत पड़ी तो लापरवाहों की जांच भी कराई जाएगी।'

– अनिल कुमार राय, आईजी रेंज, बस्ती

---

मुख्य आरोपी बर्खास्त दरोगा दीपक सिंह के खिलाफ लगी चार्जशीट, कोतवाली क्षेत्र की युवती ने उत्पीड़न की दर्ज कराई थी शिकायत

# पूर्व कोतवाल समेत 12 पुलिस व राजस्वकर्मी बरी

**अश्लीलता कांड**

बस्ती | एचपी चौहान

जोन के बहुचर्चित अंश्लीलता कांड में दर्ज मुकदमे की पुलिस जांच में तत्कालीन कोतवाल समेत बारह पुलिस व राजस्वकर्मियों को बरी कर दिया गया है। हाई प्रोफाइल केस के विवेचक संतकबीरनगर के खलीलाबाद सीओ ने साक्ष्यों के आधार पर तैयार की चार्जशीट में मुख्य आरोपी बर्खास्त दरोगा दीपक सिंह को अभियुक्त बनाया है। वहीं विवेचना के दौरान अन्य आरोपितों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य न मिलने के कारण उनका नाम मुकदमे से निकाल दिया गया है।

चार्जशीट में कुल 83 लोगों के बयान साक्ष्य के तौर पर दर्ज किए गए हैं। विवेचक ने मुख्य आरोपी दीपक सिंह निवासी सोनबरसा, चौरीचौरा, गोरखपुर को आईपीसी की धारा 323, 325, 342, 504, 506, 354 (क), 354 (ख), 354 (घ), 427, 452 व 67 आईटी एक्ट के तहत आरोपी बनाया है। सीजेएम कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में 23 जुलाई 2021 को आरोपी बर्खास्त दरोगा को न्यायालय में हाजिर होने के लिए तलब किया गया है। 21 मार्च 2021 को दर्ज मुकदमे में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया आरोपी दीपक सिंह 18 जून 2021 को जमानत रिहा हुआ था।

**उच्चस्तरीय टीम गठित होने पर हुई कार्रवाई :** राज्य महिला आयोग की मदद से सीएम योगी आदित्यनाथ तक पहुंचे इस प्रकरण ने पूरे महकमे में हड़कंप मचा दिया था। फिर 18 मार्च 2021 को सीएम के संज्ञान लेने के बाद एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार की अगुवाई में उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित की गई।

19 मार्च को तत्कालीन एसपी हेमराज मीणा ने मुख्य आरोपी दरोगा दीपक सिंह को निलंबित कर दिया था। इधर शासन के निर्देश पर एडीजी के साथ आईजी रेंज, डीएम बस्ती, एसपी संतकबीरनगर जांच करने शिकायतकर्ता युवती के गांव पहुंचे थे। घंटों चली पूछताछ व बयान दर्ज करने की प्रक्रिया के बाद एक्शन शुरू हुआ था। सबसे पहले कोतवाल समेत 10 पुलिसकर्मियों को लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित करने के साथ ही मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया गया था। तत्कालीन सीओ सिटी गिरिश सिंह को भी बाद में निलंबित कर दिया गया था। कुछ दिनों बाद जिले के पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा व एएसपी को हटा दिया गया था।



### लॉकडाउन में प्रकरण की हुई थी शुरुआत

कोरोना की पहली लहर में लगे लॉकडाउन के दौरान 31 मार्च 2020 को इस प्रकरण की शुरुआत हुई थी। कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती ने सोनूपार चौकी प्रभारी रहे दीपक सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए आला अफसरों से शिकायत की थी कि 31 मार्च 2020 को वह घर से अपनी दादी की दवा लेने गई थी। सोनूपार चौकी पर तैनात तत्कालीन प्रभारी दारोगा दीपक सिंह ने उसे रोका और गाड़ी के कागजात चेकिंग के बहाने उसका मोबाइल नंबर ले लिया था। उसी दिन से दारोगा उसके मोबाइल नंबर पर फोन करने लगा था। युवती ने आपत्ति जताई तो पट्टीदारी के विवाद को आधार बनाकर उसके घरवालों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर दिए गए।

- विवेचना के दौरान कुल 83 गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं
- आरोपी दीपक सिंह सुनवाई के लिए 23 जुलाई को किया गया तलब

## संगीन आरोप में इन पर दर्ज हुआ था मुकदमा

**बस्ती।** युवती लगातार आला अफसरों से शिकायत करती रही। फिर 20 मार्च 2021 को उसकी तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। युवती ने तत्कालीन चौकी प्रभारी सोनूपार दीपक सिंह के अलावा अन्य पुलिसकर्मियों पर फर्जी मुकदमे में फंसाने समेत अन्य संगीन आरोप लगाए थे। हल्का लेखपाल व कानूनगो को भी आरोपी बनाया था। तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपी दीपक सिंह के अलावा कोतवाली में ही तैनात दीपक के भाई दरोगा राजन सिंह, तत्कालीन कोतवाल इंस्पेक्टर रामपाल यादव, तत्कालीन महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शीला यादव, कोतवाली के दरोगा अभिषेक सिंह, कोतवाली के आरक्षी संजय कुमार, आलोक कुमार, पवन कुमार कुशवाहा, अवधेश सिंह, महिला आरक्षी दीक्षा यादव, नीलम सिंह, हल्का लेखपाल रहीं शालिनी सिंह व कानूनगो सतीश के साथ दो-तीन अन्य अज्ञात पुलिस कर्मियों के खिलाफ तहत मुकदमा दर्ज किया था। पहले जांच सीओ सिटी आलोक प्रसाद को सौंपी गई थी और बाद में इसे संतकबीरनगर जनपद के खलीलाबाद सीओ अंशुमान मिश्रा को ट्रांसफर कर दी गई थी।

# पिता की डांट से नाराज होकर घर से भागा था श्यामजी

**जागरण संवाददाता, हरैया:** हरैंया थानाक्षेत्र के ग्राम नदाएं निवासी काशीराम के 14 वर्षीय पुत्र श्यामजी को किसी ने अपहृत नहीं किया था, बल्कि वह अपने पिता की डांट से नाराज होकर दो जुलाई को घर से खुद भाग गया था। पुलिस उसकी तलाश में भटक रही थी।

श्यामजी ने गायब होने के दूसरे दिन सुबह छह बजे अपने मोबाइल से पिता को फोन कर खुद के अपहरण की सूचना दी थी। उस नंबर की अंतिम लोकेशन को ट्रेस कराया गया तो वह लखनऊ का निकला। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने किशोर की बरामदगी के लिए पुलिस की एक टीम लखनऊ भेजी, मगर किशोर का मोबाइल बंद होने के कारण पुलिस उस तक नहीं पहुंच पा रही थी। उसकी बरामदगी की मांग को लेकर भीम आर्मी ने भी पुलिस पर दबाव बनाना शुरू किया तो पुलिस की परेशानी और बढ़ गई। स्वजन रोज हरैंया थाने पर आकर पुलिस वालों से बेटे की बरामदगी का अनुरोध करते रहे। उप निरीक्षक आशुतोष शुक्ल की टीम लखनऊ में लगातार उसकी तलाश करती रही। टीम को पता था कि किशोर पहले चाय की दुकान पर काम करता था। ऐसे में टीम ने होटल और ढाबों में उसकी तलाश शुरू की। पुलिस टीम को चारबाग के एक होटल में काम करता श्यामजी मिल गया, जिसके बाद सोमवार की शाम पुलिस टीम उसे लेकर हरैंया पहुंची। जरूरी पूछताछ और कागजी कोरम पूरा करने के बाद उसे परिवार के लोगों को सौंप दिया।

**पर्दाफाश**

- पुलिस उसकी तलाश में भटक रही थी
- टीम को चारबाग के एक होटल में काम करता मिला
- कागजी कोरम पूरा करने के बाद परिवार को सौंपा गया

प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने अनुसार पूछताछ के दौरान किशोर ने बताया कि पिता काशीराम उसे अक्सर डांटा करते थे। इससे आहत होकर वह घर से भाग गया था। अपहरण की सूचना पिता को परेशान करने के लिए दी थी।

वह घर से एक साइकिल लेकर निकला था, जिसे छावनी में एक दुकान पर छोड़ वह लखनऊ निकल गया था।

# संजय गौर थाने के प्रभारी निरीक्षक दो चौकी प्रभारी भी बदले

**जासं बस्ती:** एसपी आशीष श्रीवास्तव ने गौर थाने पर नए प्रभारी निरीक्षक की तैनाती करते हुए दो पुलिस चौकियों के प्रभारी भी बदल दिए हैं। पुलिस लाइन में तैनात संजय कुमार को गौर थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं मुंडेरवा थाने के मेडिकल कालेज चौकी प्रभारी चंद्रकांत को वहां से हटाकर गौर थाने पर भेजा गया है। परशुरामपुर थाने पर तैनात उप निरीक्षक रविंद्रनाथ शर्मा को चौकी प्रभारी मेडिकल कालेज बनाया गया है। छावनी थाने पर तैनात उप निरीक्षक रामभवन प्रजापति को प्रभारी चौकी सोनूपार थाना कोतवाली, जबकि यहां तैनात रहे योगेंद्र कुमार को गौर थाने के टिनिच चौकी का प्रभारी बनाया गया है। सभी को तत्काल अपने नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है।

# बेहतर कार्य के लिए आरपीएफ इंस्पेक्टर को मिला सम्मान

**उपलब्धि**

- अवैध ई-टिकट साफ्टवेयर डेवलपर का हुआ था पर्दाफाश
- सम्मानित होने पर बस्ती पोस्ट के अन्य कर्मी गदगद

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) बस्ती पोस्ट के निरीक्षक नरेंद्र यादव को बेहतर कार्यप्रणाली व सुरक्षा के दृष्टिगत उनको सम्मान से नवाजा गया है। इंस्पेक्टर के सम्मानित होने पर आरपीएफ कर्मियों ने प्रसन्नता जताई है। इंस्पेक्टर ने कहा कि यह सम्मान कर्मियों के सहयोग से ही हासिल हो सका है।

आरपीएफ इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव को अवैध ई-टिकट साफ्टवेयर डेबलपर हामिद असरफ समेत कई मामले को उजागर करने का इनाम मिला है। मोस्ट वांटेड 50 हजार के इनामी आरोपित तथा पुलिस व आरपीएफ के लिए सिरदर्द बन चुके बस्ती के रामपुर कप्तानगंज निवासी मो.हामिद को कड़ी मशक्कत के बाद गत 17 फरवरी 2021 को बंगलोर एयरपोर्ट से रेलवे सुरक्षा बल बस्ती,गोंडा और सिविल पुलिस बस्ती की टीम ने संयुक्त रूप से गिरफ्तार किया था। अतिमहत्वपूर्ण भूमिका के लिए निरीक्षक बस्ती नरेंद्र यादव और निरीक्षक गोंडा प्रवीण कुमार को महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल अरुण कुमार ने हौंसला अफजाई करते हुए प्रशस्ति पत्र दिया है। चार अन्य स्टाफ हेड कांस्टेबल आलोक कुमार सिंह, कांस्टेबल इंद्रजीत गिरि, कांस्टेबल राजेश यादव, कांस्टेबल शैलेंद्र चौहान को 18 जनवरी 2021 में भीलवाड़ा से अपरहण कर नेपाल ले जा रही बालिका और दो अपहरण कर्ता को गिरफ्तार करने के मामले में महानिदेशक रेलवे सुरक्षा बल अरुण कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इंस्पेक्टर ने बताया कि 12 जुलाई को लखनऊ मंडल कार्यालय में महानिदेशक की ओर से आरपीएफ सीनियर कमांडेंट अमितप्रकाश मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र सौंपा।

# पौने तीन करोड़ से कारागार कर्मियों के लिए बनेंगे आवास

## अधीक्षक, जेल स्टाफ और पीएसी डारमेट्री का निर्माण शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिला जेल में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को जल्द ही किराए के या खंडहर बन चुके सरकारी आवासों में रहने से मुक्ति मिल सकती है। जेल परिसर में अधिकारियों-कर्मचारियों और पीएसी के रहने के लिए आवास निर्माण शुरू हो गया है।

शासन से यूपीपीएसीएल (यूपी पुलिस आवास निर्माण निगम) को इस बार कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। जेल अफसर अगले एक साल में काम पूरा होने के बाद आवास कर्मचारियों को आवंटित होने की उम्मीद जता रहे हैं।

जेल अधीक्षक दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि कारागार परिसर में 55 लाख की लागत से एक टाइप फोर का वरिष्ठ अधीक्षक आवास, दो करोड़ की लागत से बारह टाइप टू आवास का निर्माण शुरू हो गया है। इसके अतिरिक्त 26.6 लाख से दो खाद्यान्न गोदाम, 22.5 लाख रुपये से तन्हाई रूम, 174.86 लाख से सर्किल वाल तथा पार्टीशन दीवार, 21.21 लाख रुपये से पीएसी डारमेट्री आवास, 30 लाख से ट्यूबवेल, दो लाख की लागत से समरसेबल बोरिंग काम आरंभ हो गया है। जेल सुपरिंटेंडेंट ने बताया कि इससे जेल अधिकारी और कर्मचारियों के किराए पर रहने या जर्जर भवनों में रहने की समस्या का भी समाधान हो जाएगा। पिछले साल जेल प्रशासन ने टाइप टू और टाइप फोर के आवासों के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा था, जिसे शासन ने अब स्वीकृति देने के साथ ही बजट भी आवंटित कर दिया है।




जिला कारागार में तैनात कर्मियों के लिए बनेंगे नए आवास। संवाद

### असुरक्षित भवन में रहते हैं जेल कर्मी

**वर्तमान** में कारागार में करीब साठ कर्मचारी तथा वरिष्ठ अधीक्षक, जेलर और चार डिप्टी जेलर व एक वरिष्ठ चिकित्साधिकारी के पद हैं, जबकि इनके रहने के लिए आवास पर्याप्त नहीं हैं। सिपाहियों के लिए भी टाइप वन के गिने-चुने आवास हैं। अधिकांश जेल कर्मचारी परिसर के बाहर किराए पर रहते हैं। अधिकारी भी मजबूरन परिसर छोड़ कर बाहर किराए के मकान से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए मजबूर रहते हैं। वहीं, कारागार के कर्मचारियों के बाहर रहने से जेल की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े होते हैं। कई बार जेल स्टाफ पर हमले भी हो चुके हैं।

# गुंडा एक्ट में चार पाबंद किए गए

**बस्ती।** तीन थानों की पुलिस ने चार लोगों को गुंडा एक्ट में पाबंद किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार, पुरानी बस्ती पुलिस ने मरवटिया निवासी आकाश चौधरी पर गुंडा एक्ट लगाया है। दुबौलिया पुलिस ने इसी थाने के जोगहटा निवासी दुर्गेश और अवधेश को और गौर पुलिस ने बेलवरिया जंगल निवासी अमित कुमार के खिलाफ गुंडा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। संवाद

# कच्ची शराब की भट्ठियां तोड़ीं

## करवल कॉलोनी में आबकारी और पुलिस विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र स्थित करवल कॉलोनी में पुलिस और आबकारी के संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 105 लीटर कच्ची शराब बरामद कर उसे नष्ट कर दिया।

इस दौरान टीम ने सात भट्ठियां भी तोड़ीं। मौके पर टीम ने शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किए।

**टीम ने लहन नष्ट किया 105 लीटर शराब और उपकरण बरामद किया**

जिला आबकारी अधिकारी नवीन सिंह के नेतृत्व में पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने सुबह करवल कॉलोनी दबिश दी। यहां 105 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। लगभग पांच क्विंटल महुआ, लहन मौके पर ही नष्ट किया गया। सात शराब की भट्ठियां तोड़ी गईं। शराब बनाने संबंधी उपकरणों को कब्जे में लिया गया।

कच्ची शराब का धंधा करने के आरो में चार लोगों पर केस दर्ज किया गया है। आबकारी अधिकारी नवीन सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कच्ची शराब के लिए संवेदनशील इलाकों में टीम लगातार नजर बनाए हुए है। जैसे ही सूचना मिलती है, पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

# एक इंस्पेक्टर समेत पांच पुलिसकर्मियों का तबादला

**बस्ती।** गौर थाने पर नए प्रभारी की तैनाती कर दी गई है। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि इंस्पेक्टर संजय कुमार को पुलिस लाइंस से प्रभारी निरीक्षक गौर बनाया गया है।

वहीं, एसआई रामभवन प्रजापति को थाना छावनी से हटाकर प्रभारी चौकी सोनूपार थाना कोतवाली का चार्ज दिया गया है। इसी क्रम में एसआई योगेंद्र कुमार को प्रभारी चौकी सोनूपार से प्रभारी चौकी टिनिच बनाया गया है।

## संजय कुमार गौर थाने के प्रभारी निरीक्षक बनाए गए

चंद्रकांत पांडेय प्रभारी चौकी मेडिकल कॉलेज, थाना मुंडेरवा से हटाकर गौर थाने भेजा गया है। साथ ही एसआई रविंद्र नाथ शर्मा को थाना परशुरामपुर से प्रभारी चौकी मेडिकल कॉलेज का प्रभार सौंपा गया है। संवाद

# परिवार वालों से नाराज हो घर से भागा था किशोर

संवाद न्यूज एजेंसी

## एक जून को अचानक लापता हो गया था लखनऊ के होटल में मिला

**बस्ती।** परिवार वालों से नाराज होकर एक जुलाई को हर्रैया थाने के एक गांव का निवासी किशोर घर छोड़कर भागा था। सोमवार को वह लखनऊ के होटल में मिला।

इस किशोर ने भागने के दूसरे दिन, यानी दो जुलाई को मोबाइल फोन से कॉल करके घर वालों को बताया कि उसे कुछ लोगों ने अपहृत कर लिया है तो परिवार के लोगों ने सच मान लिया था। मगर पुलिस ने जब उसके मोबाइल फोन को सर्विलांस पर चेक किया तो उसकी आखिरी लोकेशन लखनऊ मिली। तभी से पुलिस उसके लखनऊ में होने के आधार पर खोजबीन कर रही थी। आखिरकार 12 दिन परेशान होने के बाद सोमवार को चारबाग रेलवे स्टेशन के पास के एक होटल से ढूंढ निकाला। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि उसे ढूंढ निकालने वाली पुलिस टीम को पांच हजार रुपये पुरस्कार दिया गया है। पहली जुलाई को दोपहर बाद करीब तीन बजे खेत में कार्य करके घर लौट रहा 14 वर्षीय किशोर रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिवार के लोग जब घर लौटे तो वह मौजूद नहीं था।

आसपास किसी के घर जाने के अंदेशे में पहले तो सभी अपने कार्य में व्यस्त हो गए। मगर जब किशोर देर रात तक नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू कर दी। सुबह करीब साढ़े छह बजे किशोर ने मोबाइल फोन से कॉल करके अपने अपहरण की सूचना दी। सूचना देने के बाद से उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया था। उसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

# आरोपितों की 284 करोड़ की संपत्तियों का पता चला

## महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में है कंपनी की संपत्ति, फर्जी चिटफंड कंपनी बनाकर घोटाला करने के आरोप में कोतवाली में दर्ज है केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** फर्जी चिटफंड कंपनी बनाकर घोटाला करने के आरोपितों द्वारा 284 करोड़ की संपत्तियां अर्जित करने की जानकारी पुलिस को हुई है। पिछले हफ्ते गोरखपुर के जीडीए टॉवर में फर्जी चिटफंड कंपनी की सवा तीन करोड़ की व्यावसायिक संपत्ति पुलिस-प्रशासन ने जब्त की थी।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपितों ने कुल 284 करोड़ की संपत्ति अर्जित की है। अब तक की तहकीकात में इसका पता चला है। किम इंफ्रास्ट्रक्चर, नेक्टर कामर्शियल, किम फ्यूचर विजन और हेल्प फाइनेंस के नाम से चार कंपनियां बनाकर तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने का आरोप है। एसपी ने बताया कि दिसंबर 2019 में जिले की कोतवाली क्षेत्र में हेल्प फाइनेंस कंपनी के नाम से 74 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। तफ्तीश के दौरान पुलिस मनोज अधिकारी को गिरफ्तार कर चुकी है। उसके पास से फ्राड से जुड़े कई अभिलेख बरामद किए गए हैं। मनोज ने शहर के रोडवेज के पास शाखा खोलकर शिकायतकर्ता से 74 लाख रुपये जमा कराए थे। केस दर्ज होने के बाद जांच में पुलिस ने पंजाब के पठानकोट बस स्टैंड के पीछे दो करोड़ की जमीन, होशियारपुर में 50 लाख का फ्लैट, राजेंद्र पैलेस नई दिल्ली में दो करोड़ के छह कमरे, मानवाला अमृतसर में करीब 200 करोड़ का 46 एकड़ का प्लाट, चंडीगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया में 13 करोड़ का पेंट हाउस, फतेहपुर जिले के खागा तहसील के मंझनपुर में 70 लाख का फ्लैट, आगरा जनपद के कार्यालय भवन में 90 लाख का फ्लैट, ग्वालियर राजस्थान में 30 करोड़ की जमीन, कोटा राजस्थान में 35 लाख की जमीन, बूंदी राजस्थान में 22 लाख की जमीन, गुजरात के अहमदाबाद में सवा करोड़ का ऑफिस, पंजाब के अमृतसर में छह करोड़ का चार मंजिला मकान, जनकपुरी विकास टॉवर, दिल्ली में 56 लाख की संपत्ति, न्यू अमृतसर पंजाब में 70 लाख का कार्यालय भवन, बिहार के सिवान में टोल प्लाजा में करीब डेढ़ करोड़ की तीन बीघा जमीन का पता लगाया है। इसके अलावा नेक्टर कामर्शियल एस्टेट लिमिटेड के नाम से गोरखपुर में सवा तीन करोड़ की जीडीए टॉवर में स्थित संपत्ति, मुंबई में डेढ़ करोड़ का कार्यालय भवन और राजस्थान के उदयपुर में 20 लाख रुपये का प्लाट का भी पता चला है। इसी तरह बाकी दो फर्म किम फ्यूचर विजन, हेल्प फाइनेंस कंपनी की संपत्ति को आरबीआई ने सील कर दिया है।

एसपी के अनुसार, गिरफ्तार मनोज व अन्य आरोपितों ने जो धन फर्जी कंपनी से एकत्रित किए हैं, उसके बारे में डीजीपी को लिखा जा रहा है।

### गैंगस्टर के तहत हुई थी कार्रवाई

**कोतवाली** पुलिस कंपनियों के दोनों निदेशकों पर 17 जनवरी को गैंगस्टर के तहत कार्रवाई कर चुकी है। उनकी संपत्तियों की जब्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। सरगना रविंद्र सिंह सिद्धू निवासी दुबर्जी चौक थाना सुल्तान विंड, जनपद अमृतसर (पंजाब) और मनोज अधिकारी निवासी संतगढ़, थाना तिलकनगर, नई दिल्ली शामिल हैं। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि गिरोह का सरगना रवींद्र सिंह सिद्धू पहले ही पकड़ा जा चुका था। वह इस समय तिहाड़ जेल में बंद है। मनोज अधिकारी को कोतवाली पुलिस ने 15 जुलाई 2020 को गिरफ्तार किया था।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-07-2021

# बंजर के भूमि से तहसीलदार ने कब्जा हटवाया

**सिद्धार्थनगर।** तहसील नौगढ़ थाना मोहाना के अन्तर्गत ग्राम बर्डपुर नम्बर 3 टोला सीतापुर में बंजर के भूमि पर सन्तराम पुत्र ललित आदि द्वारा अवैध तरीके से छप्पर, मड़ई डाल कर कब्जा कर लिए थे। ग्राम प्रधान के शिकायत पर तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन स्वयं राजस्व टीम के साथ जाकर कब्जा हटवाया गया। इस अवसर पर थाना मोहाना के अंतर्गत ककरहवा चौकी इंचार्ज मय फोर्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, लेखपाल मनीष चौरसिया, रामकरन गुप्ता, विकास गुप्ता, सुरेन्द्र चौरसिया, बैजनाथ चौधरी, अनूप यादव आदि उपस्थित रहे।

# बढ़नी-नेपाल बॉर्डर पर हाईअलर्ट, जांच तेज

बढ़नी | **हिन्दुस्तान संवाद**

प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी में एटीएस द्वारा अलकायदा समर्थित अंसार गजवातुल हिंद संगठन के दो आतंकवादियों की गिरफ्तारी व उनके कई साथियों के फरार होने के बाद भारत-नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हाईअलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा हाई अलर्ट जारी करने के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे बढ़नी बॉर्डर पर एसएसबी की टीम खोजी कुत्तों के साथ वाहनों और एवं लोगों की चेकिंग कर रही है।

रविवार को एटीएस ने लखनऊ से अलकायदा समर्थित अंसार गजवातुल हिंद संगठन के दो सक्रिय सदस्यों मसीरूद्दीन और मिनहाज अहमद को गिरफ्तार किया था। सुरक्षा एजेंसियों की जांच के दौरान पता चला था कि इनका हैंडलर उमर हलमंदी पाकिस्तान में बैठा है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक मसीरूद्दीन और मिनहाज प्रदेश के प्रमुख शहरों के युवाओं को आतंकी संगठन में जोड़ने का काम करते थे। मसीरूद्दीन और मिनहाज के लिए काम करने वाले उनके कई साथी अभी भी फरार हैं। आतंकियों के पकड़े जाने बाद यूपी एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रशांत कुमार के निर्देश पर सभी पुलिस अधीक्षकों और भारत-नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया था। इसके बाद से सिद्धार्थनगर जिले की नेपाल से लगती 68 किमी सीमा पर एसएसबी और यूपी पुलिस के जवान अलर्ट पर हैं। नेपाल बॉर्डर से सटे बढ़नी, मलगहिया, मड़नी, घरुआर, धनौरी उर्फ जिगनिहवा, सेमरहवा, कोटिया बाजार आदि सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी के जवानों को चप्पे-चप्पे पर तैनात किया गया है। 23 मार्च 2020 से कोविड-19 के कारण भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा बंद चल रही है इससे मुख्य मार्ग से प्राइवेट वाहनों का आवागमन पहले से ही प्रतिबंधित है। सीमा के पगडंडी रास्तों से चोरों-छिपे आने-जाने वालों पर भी विशेष निगाह रखी जा रही है।

## चौकसी

- लखनऊ में दो आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद चौकसी बढ़ी
- सुरक्षा एजेंसियां चौकस, कर रहीं दिन-रात पैट्रोलिंग

### आतंकियों का सॉफ्ट एंट्री जोन रहा है बढ़नी बॉर्डर

पिछले तीन दशकों में दर्जनों खतरनाक आतंकी और सैकड़ों संदिग्ध भारत-नेपाल की बढ़नी व सोनौली सीमा से दबोचे जा चुके हैं। भारत विरोधी गतिविधियों को संचालित करने के लिए पड़ोसी देश नेपाल आतंकियों के सेफ जोन के रूप में चर्चित रहा है।



बढ़नी बॉर्डर पर पैट्रोलिंग करते एसएसबी के जवान।

> राजधानी लखनऊ में दो आतंकियों के पकड़े जाने एवं उच्चाधिकारियों से मिले निर्देश के बाद नेपाल से लगती हुई सीमा पर एसएसबी जवानों को अलर्ट पर रखा गया है। किसी भी विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए उन्हें सख्त निर्देश दिए गए हैं।
>
> **सुमित हरित**, असिस्टेंट कमांडेंट/बीओपी प्रभारी, एसएसबी, बढ़नी

# 280 वाहनों का किया चालान

**सिद्धार्थनगर।** जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कागजात में खामियां मिलने, यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में मंगलवार को 280 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 2.95 लाख रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया।




बरगद के पौधे को पानी देते एसओ सदर केडी सिंह ●जागरण



बेल का पौधा लगाते सीओ शोहरतगढ़ प्रदीप यादव • जागरण




आंवला का पौधा लगाते प्रतिसार निरीक्षक ब्रम्हदेव उपाध्याय • जागरण



अशोक का पौधारोपण करते सीओ सदर राणा महेंद्र प्रताप सिंह • जागरण

# पंचवटी

## आओ पौधे रोपें



पीपल का पौधा रोपते एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी ( मध्य में ) • जागरण

# धोखाधड़ी में वांछित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : उसका बाजार पुलिस ने मंगलवार को धोखाधड़ी के मामले में वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम मनोज चौहान निवासी नरकटहा वार्ड नं. 01 थाना कोतवाली बांसी है। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार यादव, मुख्य आरक्षी राजेश कुमार शामिल रहे। (जासं.)

# थाना स्टाफ को एडीजी जोन से मिला इनाम

जागरण संवाददाता, बिस्कोहर, सिद्धार्थनगर : पिछले दिनों अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ओर से जनपद के त्रिलोकपुर थाने का निरीक्षण किया गया था। यहां की सफाई, हरियाली एवं अन्य व्यवस्था से वे काफी प्रभावित हुए थे। उनकी तरफ से अब पूरे थाना स्टाफ को इनाम मिला है।

निरीक्षण के दौरान हरित थाना, उच्च कोटि की सुंदरता, आधुनिक महिला डेस्क, प्रभारी निरीक्षक कक्ष का सुंदरीकरण, परिसर में साफ-सफाई, पौधों से सुसज्जित हरियाली को खुलकर प्रशंसा करने के साथ नकद पुरस्कार की घोषणा की थी। प्रभारी निरीक्षक की ओर से उपलब्ध कराए गए नक्शा पारितोषिक के अनुसार कर्मियों को जो नकद पुरस्कार भेजा गया। उसमें प्रभारी निरीक्षक रणधीर मिश्रा को दो हजार, उप निरीक्षक रमाकांत सरोज, जय प्रकाश तिवारी, अख्तर सभी को सात-सात सौ, मुख्य आरक्षी राजेश गोंड, सतीश तिवारी, लखीचंद गुप्ता व केशव बिहारी को छह-छह सौ, आरक्षी सतीश यादव, बिंदेश, पप्पू गुप्ता, गजानंद पाण्डेय, व दुर्गा प्रसाद को पांच-पांच सौ तथा सफाई कर्मी कन्हैया को एक हजार रुपये दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक /स्टाफ आफिसर अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अशोक कुमार ने जारी आदेश पत्र में बताया कि पुरस्कार राशि भेज दी गई है, सभी कर्मी नकद आहरण अपने जनपद में उपलब्ध सुसंगत लेखा मद से प्राप्त कर सकते हैं।

**उपलब्धि**

# चार फर्जी शिक्षकों पर मुकदमा

जासं, बर्डपुर, सिद्धार्थनगर : कपिलवस्तु थाना पुलिस ने मंगलवार को चार फर्जी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बेसिक शिक्षा विभाग ने इनके खिलाफ तहरीर दी है। आरोपितों का नाम मनु कुमार सिंह, सरोज उपाध्याय, सीमा व धर्मेंद्र यादव है। यह प्राथमिक विद्यालय रक्सेल, जमुहवा, अहिरौली व पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरवलिया में तैनात हैं। जांच में इन सबके शैक्षिक अभिलेख फर्जी मिले हैं। बीईओ अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि तीन वर्ष पूर्व हुई जांच में इनके प्रपत्र फर्जी मिले थे। विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन्हें बर्खास्त कर दिया। विभागीय नोटिस भेजा गया, लेकिन इन्होंने जवाब नहीं दिया।

सहायक अध्यापक धर्मेंद्र यादव को दो वर्ष का वेतन व चार माह का एरियर भुगतान प्राप्त किया है। जिसके रिकवरी करने का भी आदेश जारी हो गया है। एसओ कपिलवस्तु महेश सिंह ने बताया आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# नशीली दवाओं के साथ एक गिरफ्तार

जासं, सिद्धार्थनगरः एसएसबी 43वीं वाहिनी के जवान व शोहरतगढ़ पुलिस ने संयुक्त रूप से एक युवक के पास से मंगलवार को नशीली दवा पकड़ा है। आरोपित का नात सागर चौधरी निवासी सौदियार सेवन, डवरगौन गांव पालिका सौदियार वार्ड नंबर सात दंग नेपाल है।

**280 वाहनों का चालान** : पुलिस ने मंगलवार को वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया। 699 वाहनों को चेक किया गया। दस्तावेज न होने पर 280 वाहनों का चालान किया गया।

## एडीजी ने एसओ को पुरस्कृत किया

**बिस्कोहर।** एडीजी जोन गोरखपुर जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने त्रिलोकपुर को हरित थाना, उच्च कोटि की सुंदरता, आधुनिक महिला हेल्प डेस्क, प्रभारी निरीक्षक कक्ष का सुंदरीकरण एवं परिसर में बेहतर व्यवस्था मिलने सहित अन्य कार्यों पर पुरस्कृत किया है। प्रभारी निरिक्षक रणधीर मिश्र को दो हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी है। इसके साथ ही सुंदरीकरण तथा फूल एवं पौधों से सुसज्जित पाए जाने पर उपनिरीक्षक रमाकांत सरोज, जयप्रकाश तिवारी, अख्तर को 700-700 रुपये दिया है। मुख्य आरक्षी राजेश गौड़, सतीश तिवारी, लखीचंद्र गुप्ता, केशव बिहारी यादव को 600-600 रुपये दिया है। आरक्षी सतीश यादव, बिंद्रेश यादव, पप्पू गुप्ता, गजानंद पांडेय, दुर्गा प्रताप तिवारी को 500-500 रुपये दिया है। सफाई कर्मी कन्हैया को 1000 रुपये नकद देकर पुरस्कृत किया है। संवाद

# दरोगा को मिलेगा मौका, ढीले इंस्पेक्टरों की हटेगी कुर्सी

### निरीक्षक की कमी होने पर 50 प्रतिशत थानों पर काबिज हो सकते हैं उपनिरीक्षक, शासन ने थानों में तैनाती के नियम में किया बदलाव

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए थानों पर अब तेज तर्रार व योग्य निरीक्षक के अलावा उपनिरीक्षक भी थानाध्यक्ष के रूप में तैनात होंगे। पूर्व में दो तिहाई पर इंस्पेक्टर और एक हिस्से पर दरोगा को थाने की कमान देने की योजना थी।

शासन ने नियम में बदलाव कर दिया है। अगर नियम प्रभावी हुआ तो जिले में कई दरोगा की थानेदार बनने की आस पूरी हो जाएगी। वहीं किसी तरह से थाना चला रहे इंस्पेक्टर की कुर्सी जा सकती है। प्रदेश के अधिकांश थानों में इंस्पेक्टर की तैनात चल रही है। जिले के कुछ ऐसे ही थाने हैं, जहां उपनिरीक्षकों को अवसर मिलता था। भले ही इंस्पेक्टर क्षेत्र में न निकलते हों, कार्यशैली और आम जनता से संवाद अच्छा न हो, उसके बावजूद वह इंस्पेक्टर होने की वजह से कुर्सी पर काबिज हैं।

अब इस मामले में गृह विभाग ने बड़ा बदलाव किया है। आदेश जारी करते हुए समस्त थानों में योग्य, कर्मठ, कार्यकुशल और अच्छी सत्यनिष्ठा वाले थानाध्यक्ष ही तैनात करने को कहा है। यह भी कहा गया है कि थानों में थानाध्यक्ष के रूप में निरीक्षकों व उपनिरीक्षकों की तैनाती उनकी योग्यता, कर्मठता, कार्यकुशलता, सत्यनिष्ठा एवं व्यवहारिक दक्षता के आधार को मानक मानते हुए की जाए।

पूर्व में निर्गत आदेश में दी गई दो तिहाई थानों में थानाध्यक्ष के रूप में निरीक्षकों की तैनाती की व्यवस्था को शिथिल करते हुए यदि योग्य व उपयुक्त निरीक्षक उपलब्ध नहीं हैं। अतिरिक्त उप निरीक्षक उपलब्ध हैं तो 50 प्रतिशत तक उपनिरीक्षकों की थानाध्यक्ष के रूप में तैनाती की जा सकती है। इसके पीछे शासन की मंशा है कि जब उपनिरीक्षक थानाध्यक्ष रहेंगे तो वह अपने कार्य के प्रति सजग रहेंगे। समय से घटनास्थल पर पहुंच सकेंगे। जिले की बात करें तो सिद्धार्थनगर में 18 थाने हैं। इसमें मोहाना, मिश्रौलिया, चिल्हिया, कपिलवस्तु, भवानीगंज और पथरा में उपनिरीक्षक बतौर थानाध्यक्ष तैनात हैं। जबकि 12 थानों पर निरीक्षक तैनात हैं। 12 में ऐसे भी निरीक्षक हैं, जिनकी कार्यों का मूल्यांकन किया जाए तो वह मानक पर खरा नहीं उतरते हैं।

मगर पुरानी व्यवस्था के तहत कुर्सी पर काबिज हैं। जबकि तेज, युवा और योग्य उपनिरीक्षक थानों में पड़े हैं। अगर 50 प्रतिशत का मानक लागू हुआ तो तीन निरीक्षकों की कुर्सी खाली हो सकती है। इस संबंध में एसपी रामअभिलाष त्रिपाठी ने बताया कि शासन के मंशानुसार कार्य किया जाएगा।

## एडीजी ने एसओ को पुरस्कृत किया

**बिस्कोहर।** एडीजी जोन गोरखपुर जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने त्रिलोकपुर को हरित थाना, उच्च कोटि की सुंदरता, आधुनिक महिला हेल्प डेस्क, प्रभारी निरीक्षक कक्ष का सुंदरीकरण एवं परिसर में बेहतर व्यवस्था मिलने सहित अन्य कार्यों पर पुरस्कृत किया है। प्रभारी निरिक्षक रणधीर मिश्र को दो हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी है। इसके साथ ही सुंदरीकरण तथा फूल एवं पौधों से सुसज्जित पाए जाने पर उपनिरीक्षक रमाकांत सरोज, जयप्रकाश तिवारी, अख्तर को 700-700 रुपये दिया है। मुख्य आरक्षी राजेश गौड़, सतीश तिवारी, लखीचंद्र गुप्ता, केशव बिहारी यादव को 600-600 रुपये दिया है। आरक्षी सतीश यादव, बिंद्रेश यादव, पप्पू गुप्ता, गजानंद पांडेय, दुर्गा प्रताप तिवारी को 500-500 रुपये दिया है। सफाई कर्मी कन्हैया को 1000 रुपये नकद देकर पुरस्कृत किया है। संवाद

## धोखाधड़ी का आरोपी गया जेल

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को मंगलवार को जेल भेज दिया। एसओ उसका अजय सिंह ने बताया कि मनोज चौहान निवासी नरकटहा कोतवाली बांसी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज था। उसे पकड़कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# तहसील और थाना दिवस की व्यवस्था में फेरबदल

## अब थाना दिवस द्वितीय और चतुर्थ शनिवार को होंगे

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** जन समस्याओं, शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए आयोजित होने वाले तहसील दिवस और थाना दिवस के लिए पहले से लागू व्यवस्था में फेरबदल किया गया है। मंगलवार की जगह प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को तहसील दिवस और माह के द्वितीय और चतुर्थ शनिवार को थाना दिवस आयोजित होगा।

आमजन की समस्याओं से संबंधित शिकायती पत्रों के समयबद्ध निस्तारण के लिए तहसील दिवस और थाना दिवस का आयोजन किया जाता है। पूर्व में लागू व्यवस्था के तहत माह के प्रत्येक प्रथम और तीसरे मंगलवार को तहसील दिवस और प्रथम और तृतीय शनिवार को थाना दिवस का आयोजन हो रहा था। अब मुख्यमंत्री के निर्देश पर तहसील दिवस प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन होगा, जबकि माह के द्वितीय और चतुर्थ शनिवार को थाना दिवस आयोजित होंगे। तहसील दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निराकरण पांच दिवस के भीतर करना अनिवार्य होगा। तहसीलों के लिए अपर जिलाधिकारी और थानों के लिए अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी नोडल बनाए जाएंगे। जन महत्व के इन कार्यक्रमों के लिए जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक जवाबदेह होंगे।

अपर जिलाधिकारी सीताराम गुप्ता ने बताया कि नई व्यवस्था के बारे में सोशल मीडिया के माध्यम से मिली है, पर अभी लिखित रूप से कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। पत्र मिलने के बाद अनुपालन कराया जाएगा।

### जिले में गठित होगा नागरिक सुरक्षा संगठन

**बस्ती।** आपदा के समय राहत और बचाव करने में अहम भूमिका निभाने वाले नागरिक सुरक्षा संगठन का जिले में जल्द ही गठन किया जाएगा। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने जिले में नागरिक सुरक्षा संगठन के गठन की स्वीकृति प्रदान करते हुए अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अभय कुमार मिश्र को उसका प्रभारी नामित किया है। संवाद

## तमंचा और कारतूस बरामद, एक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** सदर पुलिस ने बुधवार को एक शातिर बदमाश को पकड़ लिया। उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। कोतवाल सदर केडी सिंह ने बताया कि हाईडिल तिराहा से इब्राहिम निवासी परसा महापात्र थाना सदर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

## बंजर भूमि से कब्जा हटवाया

**सिद्धार्थनगर।** तहसील नौगढ़ अंतर्गत ग्राम बर्डपुर नंबर तीन टोला सीतापुर में बंजर भूमि से अतिक्रमण हटवाया गया। इस जमीन पर अवैध तरीके से छप्पर, मड़ई डालकर कब्जा किया गया था। ग्राम प्रधान की शिकायत पर तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन राजस्व टीम के साथ जाकर कब्जा हटवाया। इस दौरान ककरहवा चौकी इंचार्ज मय फोर्स उपस्थित रहे। संवाद


SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-07-2021

# पुलिसकर्मी का मानवीय चेहरा आया सामने

नाथनगर (एसएनबी)। मानवता की सेवा करने वाले लोग चाहे जिस पद पर,



विक्षिप्त युवती को खाना खिलाते कां. संजय प्रसाद।

जिस स्थान पर अथवा जिस विभाग में रहे वे अपना नाम मानवता दिखाने वालों में दर्ज करा ही लेते हैं। अक्सर पुलिस का चेहरा लोगों के लिए भयावह लगता रहा है लेकिन मंगलवार को महुली थाने के मुखलिसपुर पुलिस चौकी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने नाथनगर से दक्षिण में नंगी घूम रही एक 25 वर्षीय युवती को न केवल कपड़ा पहनाया बल्कि उसे खाना भी खिलाया। पुलिसकर्मी ने अपने इस मानवता भरे कार्यों से स्थानीय लोगों के पुलिस के प्रति सोच को झकझोर दिया।

जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के नाथनगर कस्बे के दक्षिण स्थित अलीनगर-निबियहवा पोखरा के आगे नोक्ता सीवान के आसपास एक 25 वर्षीय युवती मानसिक विक्षिप्तता के कारण सड़क पर नंगी घूम रही थी। लड़की को देखने वालों की भीड़ लगी हुई थी। लोग उसकी हंसी उड़ा रहे थे कि इसी बीच महुली थाने के मुखलिसपुर पुलिस चौकी पर तैनात कां. संजय प्रसाद उस रास्ते से गुजर रहे थे। भीड़ देखकर वे मामला जानने के लिए रूक गए। नजदीक पहुंचने पर संजय प्रसाद ने देखा कि एक विक्षिप्त लड़की नंगी पड़ी हुई है यह देखकर संजय प्रसाद ने तत्काल उस युवती को स्थानीय महिलाओं की मदद से कपड़ा पहनाया साथ ही उन्होंने उसे खाना भी खिलाया। संजय प्रसाद के इस मानवीय कृत्य ने उपस्थित लोगों को यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया कि पुलिस वाले भी आखिर इंसान ही होते हैं उनके भी सीने में दिल धड़कता है। समय पड़ने पर वे भी इंसानियत के नए-नए आयाम रच सकते हैं। कां.संजय प्रसाद के इस मानवीय चेहरे को देखकर आस-पास के ग्रामीण उनकी प्रसंशा करते नहीं थक रहे हैं।

**नंगी घूम रही युवती को कपड़ा पहना कर खिलाया खाना**

# कई मामले में एक दर्जन पर हुई कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** पुलिस ने कई मामले में एक दर्जन आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जनपद पुलिस ने अपराधियों के धर पकड़ के लिए अभियान चलाया।

कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने पांच, धनघटा चार और महुली पुलिस ने तीन आरोपित को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया। इसके साथ ही थाना बखिरा पुलिस ने नाम पता मोहम्मद जावेद पुत्र मोहम्मद अमीन निवासी तरकुलवा को नवनिर्मित ढोढ़या नहर पुलिया के पास से एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर व एक ज़िन्दा कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार करकेस दर्ज किया। खलीलाबाद पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग को 24 घंटे के अंदर जनपद बस्ती रोडवेज के पास से सकुशल बरामद किया।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम एक साथ सड़क पर निकली। सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 57 वाहनों के स्वामियों से 44 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

## बिना मास्क घूम रहे लोगों की हुई जांच

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने बिना मास्क के घूम रहे लोगों की चेकिंग की। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए बिना मास्क के घूम रहे लोगों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। तीनों सर्किलों के सभी थाना क्षेत्रों में लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने, हाथ धोने आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया।अभियान चलाकर बिना मास्क के घूम रहे 19 व्यक्तियों से 2600 रूपए चालान वसूल किया गया।


# डांट से नाराज होकर घर छोड़ने वाले नाबालिग को पुलिस ने किया बरामद

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : स्वजन की डांट से नाराज होकर घर छोड़कर फरार हुए नाबालिग को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही बरामद कर घर वालों को सौंप दिया। खलीलाबाद कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि घुरवल गांव के अमित ने सोमवार को नाबालिग पुत्र आदर्श को किसी बात पर डांट दिया था। इससे नाराज होकर घर से फरार हो गया था। बेटे के गायब होने के बाद घर के लोग परेशान हो गए। तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने उसकी बरामदगी में जुट गई। लड़के की फोटो इंटरनेट मीडिया के माध्यम से प्रेषित की गई।

**किशोरी को भगाने के आरोप में चार पर मुकदमा, धनघटा:** धनघटा थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी को गांव के ही तीन लोगों के सहयोग से युवक ने रविवार को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। स्वजन ने पहले खोजबीन की, जब कहीं पता नहीं चला तो तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने चार लोगों पर मामला दर्ज किया है।



एसपी कार्यालय परिसर में पाकड़ का पौधा लगाते ( बाएं से ) एएसपी संतोष सिंह, एसपी डा. कौस्तुभ, आरआई पंकज कुमार तिवारी, आशीष मिश्र, पीआरओ रमजान अली ● जागरण



महिला थाना में बरगद का पौधा लगाती ( बाएं
से )डा. शालिनी सिंह, अमित ● जागरण

# दीवार गिराने के विवाद में प्रधान के भाई समेत दो पर शांतिभंग की हुई कार्रवाई

**जागरण संवाददाता कांटे, संतकबीर नगर** : कोतवाली खलीलाबाद के कुर्थियां गांव मे सोमवार को आठ फीट लंबी दीवार को गिराने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को गांव के प्रधान के भाई समेत दो लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है। इस मामले में गांव के लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन भी किया था। एक पक्ष इसे सार्वजनिक रास्ता बता रहा है तो दूसरा पक्ष अपना दरवाजा।

गांव के पश्चिम टोला में महातम पांडेय का घर है। उनके घर के पीछे खड़ंजा मार्ग है। इस मार्ग से लोगों को घूमकर आना-जाना पड़ता है। इसलिए ज्यादातर लोग वर्षों से महातम के दरवाजे पर से आते-जाते रहे हैं। महातम के अनुसार सार्वजनिक आवागमन से उनके परिवार को असुविधा होती है इसलिए उन्होंने दरवाजे पर दीवार बनवा दी। इसे लेकर गांव के लोगों को आपत्ति थी और प्रधान की शह पर सोमवार को लोगों ने दीवार को तोड़ दी।

वहीं दूसरे पक्ष से ग्राम प्रधान दूधराम और उनके भाई सालिकराम चौधरी ने बताया कि जबसे गांव बसा तबसे महातम के दरवाजे से ही लोग आते-जाते रहे हैं। पूरे गांव के विरोध करने के बाद भी महातम ने दीवार खड़ी कर दी, जिसे गांव के लोगों ने तोड़ दिया। इस मामले को लेकर पूरा गांव जिलाधिकारी से मिलने मुख्यालय भी गया था और वहां प्रदर्शन कर न्याय मांगा था। इस संबंध में कांटे चौकी के प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि महातम के घर के कमलेश पांडेय की तहरीर पर दीवार गिराने के दो आरोपितों पर शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से यथा स्थिति बनाए रखने को कहा गया है।

# निकट के थाने पर ही होगी साइबर अपराध संबंधी कार्रवाई

## एसपी बोले, संबंधित थाने से ही मामले को भेजा जाएगा साइबर सेल, राज ग्लोबल एकेडमी के विद्यार्थियों के प्रश्नों का दिया बड़ी सहजता से जवाब

अमर उजाला ब्यूरो

**संतकबीरनगर।** साइबर अपराध के मामलों में कार्रवाई निकट के थाने में ही होगी। किसी के साथ एटीएम में धोखाधड़ी हुई हो या फिर खाते से रकम निकाल ली गई हो। वह शिकायत लेकर नजदीकी थाने में ही जाए। अगर कोई मामला साइबर सेल भेजा जाना जरूरी होगा तो इसे पुलिस ही भेजेगी।

यह कहना है एसपी डॉक्टर कौस्तुभ का। वे मंगलवार को राज ग्लोवल एकेडमी के विद्यार्थियों के साथ अमर उजाला फाउंडेशन की ओर आयोजित ऑनलाइन पुलिस की पाठशाला में छात्रों के सवालों का जवाव दे रहे थे।

विद्यार्थियों के तीखे सवालों का एसपी ने बड़ी सहजता से जवाव दिया। थानों की कार्यशैली पर जब छात्र-छात्राओं ने सवालों की झड़ी लगाई दी तो एसपी ने अपना मोवाइल नंवर 9454400283 देकर कहा कि अगर थाने पर सुनवाई में कोई आनाकानी करें तो वे सीधे उन्हें फोन करें। यूपी पुलिस के एप यूपीकॉप पर जाकर घर वैठे ई-एफआईआर भी कर सकते हैं। इसकी कॉपी भी डाउनलोड की




### एसपी ने छात्रों को परिवार के लोगों को कोरोनारोधी टीका लगवाने के लिए प्रेरित करने को भी कहा

जा सकती है। एसपी ने कहा कि कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा का महत्व वढ़ जाता है। सभी विद्यार्थी घर पर रह कर ही पढ़ाई करें। अपने परिवार के सभी वड़ों को कोरोनोरोधी टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें।

एएसपी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि अगर कोई घटना होती है तो उसकी सूचना हेल्प लाइन नंवर 181, 1090,112 और 108 आदि पर दे सकते हैं। राज ग्लोवल एकेडमी की प्रशासिका सीमा सिंह ने कहा कि पुलिस की पाठशाला में वेहद महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं हैं। विद्यार्थी इसे जीवन में उतारें और दूसरों को भी बताएं। इस दौरान करीब 30 छात्र- छात्राएं ऑनलाइन पाठशाला से जुड़े रहे। वहीं छात्र सत्यम, लक्ष्य मणि त्रिपाठी, सुकृति, शिवा गुप्ता, आर्यन यादव, कृतार्थ गुप्ता, रितु, श्रेयांश, समर, रूपाली, मृत्युंजय और प्रसून आदि ने भी प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। पाठशाला में शिक्षक सीमा सिंह, अमन राज,सोमाली गांगुली, संदीप, इमरान, अरशद, रजनी शर्मा, पंकज तिवारी, राकेश कुमार आदि भी शामिल रहे।



ऑनलाइन पुलिस की पाठशाला में मौजूद एसपी और अन्य। संवाद

### छेड़खानी की घटना पर चुप न रहें

**प्रश्न** - छात्रा तान्या सिंह ने एसपी से पूछा, अक्सर छेड़खानी की शिकायतें आती है और ट्रैफिक जाम रहता है।

**उत्तर** - एंटी रोमियो स्क्वॉयड मनचलों की खवर ले रहा है। अगर कहीं छेड़छाड़ की घटना होती है तो लोगों को चुप नहीं रहना चाहिए, परिजनों या टीचर को वताना चाहिए, पुलिस से भी शिकायत करनी चाहिए, मनचलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**प्रश्न** - छात्र अभय गिरी और आयुष सिंह ने पूछा, अगर फेसवुक आईडी या व्हाट्सएप हैक हो जाए तो क्या करें?

**उत्तर** - सवसे पहले फेसवुक एकाउंट और व्हाट्सएप स्टेटस पर मैसेज डाल दें कि यह हैक हो गया है। इसके वाद पुलिस से शिकायत करें। हैकर्स पकड़े जाएंगे।

**प्रश्न** - छात्र कृष्णा यादव, पृथ्वीराज सिंह और रेहान खान ने पूछा, कई वार अंजान नंवर से कॉल आती है। इसे व्लॉक करने पर दूसरे नंवर से फोन आने लगता। ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए।

**उत्तर** - एसपी ने कहा कि पुलिस से शिकायत करनी चाहिए। अपने अभिभावक और शिक्षक को वताना चाहिए। 1090 पर भी शिकायत कर सकते हैं। आपका नाम और पता किसी को पता भी नहीं चलेगी। उस व्यक्ति को सजा भी मिल जाएगी।

**प्रश्न** - छात्र मोहम्मद हसन, सदफ उस्मानी, सूर्यांश ने पूछा, अगर रात में शिकायत करनी हो तो क्या 1090 पर कर सकते हैं।

**उत्तर** - हां! यह नंवर 24 घंटे चालू रहता है। इसकी शिकायत करने वाले की कॉल लखनऊ स्थित कंट्रोल रूम में जाती है।

# तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

बखिरा। मंगलवार को बखिरा पुलिस ने क्षेत्र के ढोढया स्थित पुलिया के निकट से युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। एसओ मनोज सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपी की पहचान मोहम्मद जावेद निवासी तरकुलवा के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई उदयशंकर द्विवेदी, कांस्टेबल सुशील यादव, प्रमेश मिश्रा, जितेंद्र शाह्र शामिल रहे। संवाद

# बगैर मास्क पकड़े गए 19 लोग

संतकबीरनगर। बिना मास्क के घूमने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस ने 19 लोगों को पकड़ा।

एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि बिना मास्क के घूमते मिले लोगों से 2600 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने कहा कि कोरोना का संक्रमण तेजी के साथ फैल रहा है। इससे बचने के लिए मास्क पहनना बेहद जरूरी है। बगैर मास्क के लोग घरों से बाहर कत्तई न निकलें। दो गज की दूरी बनाए रखें और बार-बार हाथ को सैनिटाइज करते रहें। नियमों का पालन करके ही कोरोना की जंग जीती जा सकती है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। ब्यूरो

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-07-2021

# सम्मेलन में सम्मानित किए गए कोरोना वारियर्स

**गोण्डा | संवाददाता**

पुलिस लाइन सभागार में कोरोना वॉरियर्स सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज डॉ राकेश सिंह रहे। पुलिस महानिरीक्षक का एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने स्वागत किया।

पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक ने कोरोना वारियर्स पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्वस्थ एवं निरोगी रहने के साथ साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। सम्मेलन में कुछ कोरोना वारियर्स जिनमें क्षेत्राधिकारी नगर लक्ष्मीकांत गौतम, प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज संतोष कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक यशवंत प्रताप सिंह आदि ने संक्रमण काल के दौरान मिले अपने अनुभवों को उपस्थित पुलिसकर्मियों के मध्य साझा भी किया। पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक ने वर्तमान में भी कोरोना संक्रमण के चलते सभी पुलिसकर्मियों से मास्क लगाने व सेनेटाइजर का इस्तेमाल करने और आम जनमानस में भी इसका अनुपालन कराए जाने का निर्देश भी दिया।

इस अवसर पर एएसपी शिवराज, सीओ लक्ष्मीकांत गौतम, कर्नलगंज मुन्ना उपाध्याय, मनकापुर संजय तलवार, प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज संतोष कुमार सिंह, खरगूपुर अशोक, प्रतिसार निरीक्षक यशवंत प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

CS Scanned with CamScanner

# शेरनी दस्ते की महिला आरक्षियों को ट्रेनिंग दी

गोण्डा | संवाददाता

## गोष्ठी

- प्रत्येक थाने से दो-दो महिला आरक्षी भी शामिल हुईं
- दैनिक कार्यकलापों में महिला आरक्षी की भूमिका पर गोष्ठी हुई

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा पुलिस के दैनिक कार्यकलापों में महिला आरक्षियों की भूमिका व कार्य अनुभव के संबंध में एक ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के साथ साथ जनपद के प्रत्येक थाने से दो-दो महिला आरक्षी, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी, प्रभारी महिला थाना सहित शेरनी दस्ता की दो-दो महिला पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया।

सर्वप्रथम अपर पुलिस महानिदेशक ने महिला आरक्षियों से उनके द्वारा बीट क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और उनको कार्य सरकार के दौरान आ रहीं समस्याओं के साथ व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में भी जाना।

इस गोष्ठी में थाना धानेपुर की महिला आरक्षी सपना सिंह द्वारा जनपद गोंडा की तरफ से महिला आरक्षियों का प्रतिनिधित्व किया।

CS Scanned with CamScanner

# पुलिस ने पटवाया गड्ढा

धानेपुर : गोंडा-उतरौला मार्ग पर शुक्लागंज तिराहे पर जलभराव के कारण सड़क पर गड्ढा हो गया। लोगों को आवागमन करने में दिक्कतें होने लगीं। लोग चोटिल हो जाते थे। इस पर थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने ईंट भट्ठे से राबिश मंगवा कर डलवा दिया। पुलिस के इस कार्य की लोगों ने सराहना की है। (संसू)

# दो हिरासत में

धानेपुर : सीरबनकट गांव में एक मंदिर पर पूजा करने को लेकर दो लोगों में विवाद हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस दोनों पक्षों को पकड़कर थाने ले आई। एसओ शेषमणि पांडेय ने बताया कि पुलिस गई थी। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। (संसू)

CS Scanned with CamScanner

# गैर इरादतन हत्या के दो आरोपित गिरफ्तार

संसू, मनकापुर : बीते दिनों मारपीट में घायल अब्दुल कलाम की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में पांच पर मुकदमा हुआ था। दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

मनकापुर खजुरिहवा निवासी चांद की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा किया था। आरोप है कि 24 मई को वह घर की नींव भरवा रहा था। तभी एक पेड़ को लेकर विपक्षियों से विवाद हो गया। विपक्षियों ने चांद, उसके भाई अली हुसैन व पिता अब्दुल कलाम उर्फ घपालू को मारापीटा था। घायल अब्दुल कलाम की घटना के तीसरे दिन इलाज के दौरान मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि गैर इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित अब्दुल माबूद व उसके भाई मोहम्मद आरिफ उर्फ राजू को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## आरोपित गिरफ्तार

गोंडा : तरबगंज पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोपित सेमरा गांव निवासी हनुमंतलाल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसमें मुकदमा किया गया था। (संसू)

## छेड़खानी में गिरफ्तार

गोंडा : मोतीगंज पुलिस ने छेड़खानी करने के आरोपित पेड़ारन गांव निवासी जगदंबा को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि मोतीगंज की रहने वाली एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ किया था। इस संबंध में किशोरी के पिता की तहरीर पर मुकदमा किया गया था। वहीं वजीरगंज पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर फब्तियां कसने वाले आरोपित हरिकेश चौहान को गिरफ्तार किया है। (संसू)

# पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश, छूटे अपराधियों के बारे में रखें पूरी जानकारी

संसू, गोंडा : पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारियों, कर्मचारियों व न्यायालय के पैरोकारों के साथ बैठक की। उनके कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश जारी किए। एसपी ने प्रत्येक शाखा में नियुक्त कर्मचारियों से कार्यों के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करने का निर्देश दिया।

Scanned with CamScanner

# पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

संसू, नवाबगंज (गोंडा) : दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़ित ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा कराया है।

कटरा भोगचंद निवासी गुंजा देवी ने थाने पर तहरीर दी है। कहा कि उसकी शादी जिला कुशीनगर के कस्बा कप्तानगंज निवासी रितेश कुमार गुप्त के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते हैं। उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।

# गैर इरादतन हत्या के आरोपी सगे भाई गिरफ्तार

**मनकापुर (गोंडा)।** सागौन के पेड़ के विवाद के दौरान कुछ लोगों ने एक बुजुर्ग को लाठी-डंडे से मारकर मरणासन्न कर दिया। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मारपीट व गैर इरादतन हत्या समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। इसी मामले में मंगलवार को पुलिस ने आरोपी सगे भाईयों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली मनकापुर के प्रभारी निरीक्षक श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि खजुरिहवा गांव के निवासी चांद पुत्र अब्दुल कलाम उर्फ घपालू ने 24 मई को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि गांव में अपने घर की नींव भरवा रहा था। नींव से सटा मोहम्मद आरिफ उर्फ राजू का सागौन का पेड़ लगा था। उसी पेड़ को काट कर हटाने को लेकर मोबाइल पर दोनों में कहासुनी हो गई थी। इसी बात पर मोहम्मद आरिफ उर्फ राजू, अब्दुल महबूद, गुड्डू, अब्दुल गफूर, खुद्ददुर उर्फ अब्दुल रहमान निवासी मोहल्ला जवाहर मारने-पीटने लगे। जिसमें चांद व उसके भाई अली हुसेन, पिता अब्दुल कलाम उर्फ घपालू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अब्दुल कलाम उर्फ घपालू की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। कोतवाल ने बताया कि आरोपी अब्दुल माबूद व उसके भाई मोहम्मद आरिफ उर्फ राजू को रेलवे स्टेशन मनकापुर के पास से गिरफ्तार किया है। (संवाद)

CS Scanned with CamScanner

# संतोष बने कोतवाल देहात व प्रदीप को करनैलगंज की कमान

गोंडा। पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को दो प्रभारी निरीक्षकों हटा दिया है। इनमें कोतवाली करनैलगंज व कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि कोतवाली करनैलगंज के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार को हटाकर पुलिस कार्यालय में तैनाती दी गई है, जबकि कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक वकील पांडेय का श्रावस्ती जनपद के लिए स्थानांतरण हो गया। इसलिए उन्हें पुलिस कार्यालय से संबंध कर दिया गया है। एसपी ने बताया कि प्रभारी साइबर सेल संतोष कुमार तिवारी को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात व पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह को कोतवाली करनैलगंज का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। संवाद

# 1100 ग्राम चरस के साथ पकड़ा गया युवक

खरगूपुर (गोंडा)। पुलिस ने 1100 ग्राम चरस के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सोनकर ने बताया कि उपनिरिक्षक अनंत कुमार सिंह, हेड कांसटेबिल देवेंद्र प्रताप सिंह, शशांक शेखर यादव की टीम मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण पर थी। नरहरिया मोड़ के पास युवक अताउल्ला खान को रोक कर पूछताछ की तो उसके पास से 1100 ग्राम चरस बरामद हुआ। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

CS Scanned with CamScanner

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-07-2021

# आवश्यकता पड़ने पर बाढ़ में सेना मोर्चा संभालेगी

बलरामपुर | संवाददाता

## बाढ़ प्रबंधन

- जाट रेजीमेंट लखनऊ को मिली जनपद की जिम्मेदारी
- टीम के सदस्यों ने मंगलवार को जिले का दौरा किया

बाढ़ आने की स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर सेना के जवान जिले में होने वाले बचाव कार्य का हिस्सा होंगे। 16, जाट रेजीमेंट, लखनऊ को यह जिम्मा सौंपा गया है। बाढ़ बचाव की तैयारियों के मद्देनजर रेजीमेंट की एक तीन सदस्यीय टीम ने मंगलवार को जिले का दौरा किया। टीम ने जिले की भौगोलिक स्थिति तथा बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के सम्बंध में जानकारी हासिल की। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण की ओर से टीम को आपेक्षित जानकारियां उपलब्ध कराई गईं।

बाढ़ की दृष्टि से बलरामपुर जिला बेहद संवेदनशील है। पूर्व के वर्षों में एसडीआरएफ तथा पीएसी की फ्लड बटालियन बाढ़ बचाव दल का हिस्सा रहीं हैं। इस वर्ष कुछ दिन पूर्व एनडीआरएफ की टीम ने भी जिले का दौरा किया था। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण के तत्वावधान में बाढ़ सम्बंधी एक मॉक ड्रिल का आयोजन एनडीआरएफ की ओर से कोड़री घाट पर किया गया था।

बाढ़ बचाव की तैयारियों की कड़ी में सेना के जवानों को भी इस कार्य में शामिल किया गया है। अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार शुक्ल ने बताया कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर सेना की मदद भी ली जाएगी। इसी सिलसिले में कमाण्डिग आफिसर कर्नल दीपक तिवारी के निर्देश पर मंगलवार को 16, जाट रेजीमेंट, लखनऊ के तीन सदस्यीय दल ने जिले का दौरा किया।

# इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**बलरामपुर।** युवक के अपहरण केस में तीसरे वांछित 25 हजार के ईनामियां अभियुक्त को कोतवाली नगर की पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने बताया कि 15 मई को कोतवाली नगर क्षेत्र से एक युवक का अपहरण हो गया था। उसकी मां ने गुमशुदगी की तहरीर दर्ज कराई थी।

अपहरणकर्ताओं ने युवक के पिता से 25 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। 19 मई को पुलिस ने युवक को सकुशल बरामद करते हुए दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी की थी। तीसरा अभियुक्त थाना कायमगंज जनपद फरुखाबाद निवासी अजीत यादव पुत्र अनेम फरार चल रहा था।

# त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**ललिया | संवाददाता**

स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित कर शांति व्यवस्था बनाए रखने व कोविड नियमों का पालन करने की अपील पुलिस प्रशासन ने की है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी राधारमण सिंह ने कहा कि आगामी बकरीद त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाएं।

कहा कि पर्व में बाधा पहुंचाने वालों को सीधे जेल भेजा जाएगा। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार यादव ने शांति समिति के बैठक में आए हुए हिंदू-मुस्लिम व व्यापारियों से बातचीत कर समस्याओं के बारे में जानकारी मांगी। लोगों ने एक स्वर में ललिया थाना क्षेत्र में अमन, चैन व शांति व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया। सीओ ने एसएचओ को निर्देश दिया कि थाना क्षेत्र के समस्त कस्बों में नियमित पैदल गस्त करें। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर आवश्यक विधिक कठोर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर उपेंद्र यादव, सुरेश तिवारी, नवीन पाण्डेय, आलोक चन्द्रा, राम आशीष, खुदायार खां, डा. खान, रामगोपाल वर्मा, रामजागे गुप्ता, हाजी नसरुद्दीन आदि मौजूद थे।

(संसू)

## एक आरोपित गिरफ्तार

**उतरौला :** बांक भवानी चौकी की पुलिस ने पिड़िया बुजुर्ग निवासी कृष्ण कुमार के पास से एक अदद देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। चौकी प्रभारी विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है। (संसू)

# गैंगस्टर आरोपित की 2.40 लाख की जमीन कुर्क

**संसू, रेहराबाजार (बलरामपुर) :** गैंगस्टर आरोपितों के खिलाफ प्रशासन ने चाबुक चलाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में उतरौला उपजिलाधिकारी डा. नागेंद्र नाथ यादव की अगुवाई में पुलिस ने अधीनपुर निवासी गैंगस्टर आरोपित अजय कुमार जायसवाल की जमीन को मुनादी कराकर कुर्क कर दिया।


कुर्क की गई जमीन की कीमत लगभग दो लाख 40 हजार रुपये बताई जा रही है। वहीं, एसडीएम ने बताया कि जिलाधिकारी श्रुति के निर्देश पर कुर्की की कार्रवाई की गई है। अधीनपुर में गाटा संख्या 24 पर आरोपित की जमीन को कुर्क किया गया है। इस दौरान दो थानों की पुलिस मौजूद रही।

सीओ उतरौला उदयराज सिंह, प्रभारी निरीक्षक रेहराबाजार प्रमोद सिंह, प्रभारी निरीक्षक सादुल्लानगर राजकुमार सरोज शामिल रहे।

# युवक के अपहरण का तीसरा इनामी आरोपित गिरफ्तार

**संसू, बलरामपुर:** क्षेत्र के भगवतीगंज रेलवे स्टेशन से 14 मई को गायब हुए छात्र उतरौला के प्रेमनगर निवासी राहुल यादव को पुलिस ने पांच दिन में बरामद कर दिया था।

राहुल के अपहरण में शामिल तीसरे आरोपित अजीत यादव निवासी ग्राम नंगलालजीत उर्फ अखूनपुर थाना कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद को पुलिस ने बहराइच मार्ग न्यायालय मोड़ के पास गिरफ्तार कर लिया। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने बताया कि अपहृत राहुल की मां विद्या यादव ने 15 मई को नगर कोतवाली में बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तहरीर में कहा गया कि पड़ोसी छोटू चौहान की मां मुंबई से आ रहीं थीं। उनको स्टेशन से लाने के लिए राहुल छोटू के साथ कार से निकला था। रेलवे स्टेशन से ही राहुल गायब हो गया था। तहरीर मिलने पर युवक की बरामदगी के लिए टीमें प्रदेश के विभिन्न भागों में भेजी गईं। 19 मई को पुलिस ने राहुल को बरामद कर आरोपित वरुण यादव को गिरफ्तार कर लिया था। राहुल ने बताया कि उसका अपहरण फिरौती के लिए वरुण यादव, उसके दो अन्य साथियों व मित्र राममूरत चौहान ने मिलकर किया था।




नगर कोतवाली में पकड़े गए आरोपित के साथ पुलिस टीम • जागरण

# सात जोड़ी मवेशी ट्रक से बरामद

**बलरामपुर।** गौरा चौराहा थाने की पुलिस ने मवेशियों से लदे ट्रक को पकड़ लिया है। ट्रक से सात जोड़ी मवेशी बरामद किए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक गौरा चौराहा थाना चंद्रेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि उनके नेतृत्व में एसआई राम यादव, मुख्य आरक्षी आशुतोष यादव, श्रवण यादव, राम सिंह व आरक्षी राजेश कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर जैतापुर रोड पर एक ट्रक को सेमरी पुल के पास रोका गया। अंधेरा होने के कारण पुलिस को देखते हुए चालक व अन्य मौके से फरार हो गए। ट्रक में गोवध के लिए ले जा रहे चार जोड़ी गाय व तीन जोड़ी बैल को बरामद कर लिया गया। संवाद

# गैंगेस्टर के आरोपी की संपत्ति कुर्क

**रेहरा बाजार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम अधीरपुर कस्बा रेहरा बाजार निवासी गैंगेस्टर आरोपी अजय कुमार जायसवाल की दो लाख 40 हजार की संपत्ति प्रशासन ने कुर्क की है। एसडीएम उतरौला डॉ. नागेंद्र नाथ यादव, सीओ उदयराज सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह सहित भारी सुरक्षा के बीच डीएम श्रुति के आदेश पर मंगलवार को यह कार्रवाई की गई है। कुर्क की गई संपत्ति पर प्रशासन ने अपना बोर्ड लगा दिया है। संवाद

# गैंगेस्टर के आरोपी की संपत्ति कुर्क

**रेहरा बाजार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम अधीरपुर कस्बा रेहरा बाजार निवासी गैंगेस्टर आरोपी अजय कुमार जायसवाल की दो लाख 40 हजार की संपत्ति प्रशासन ने कुर्क की है। एसडीएम उतरौला डॉ. नागेंद्र नाथ यादव, सीओ उदयराज सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह सहित भारी सुरक्षा के बीच डीएम श्रुति के आदेश पर मंगलवार को यह कार्रवाई की गई है। कुर्क की गई संपत्ति पर प्रशासन ने अपना बोर्ड लगा दिया है। संवाद

# चौपाल लगाकर बेटियों और महिलाओं को दी जानकारी

बलरामपुर। चौपाल में आने वाली बेटियों व महिलाओं को कानून व्यवस्था के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के संबंध में जानकारियां दी गई। महिला आरक्षियों ने गांवों में चौपाल लगाकर बेटियों व महिलाओं को जागरूक किया। एसपी हेमंत कुटियाल के निर्देशन और एएसपी अरविंद मिश्र के पर्यवेक्षण में महिला आरक्षियों की तरफ से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

कोतवाली जरवा की महिला आरक्षियों ने हसनापुर गांव में चौपाल लगाकर बेटियों व महिलाओं को कानून व्यवस्था के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के संबंध में जरुरी जानकारी मुहैया कराई। 1090, यूपी 112 व साक्षी सुरक्षा योजना आदि के बारे में बेटियों व महिलाओं को जानकारी देकर जागरूक किया गया। संवाद

## महिलाओं को दिए टिप्स

रगड़गंज (गोंडा)। मंगलवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के ऐली परसौली में पुलिस ने महिला चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में ऐली परसौली क्षेत्र की महिलाओं ने पुलिस कर्मियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं। चौपाल में महिला पुलिस कांस्टेबल चन्दा व ज्योति ने आपात स्थिति में बचाव के कई टिप्स भी सुझाए। संवाद

# बाढ़ पीड़ितों की मदद में आएंगे सेना के जवान

## जिम्मेदारी मिलने के बाद 16 जाट रेजीमेंट की टीम ने किया जिले का दौरा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** बाढ़ पीड़ितों की मदद में सेना के जवान आएंगे। शासन स्तर से जिम्मेदारी मिलने के बाद 16 जाट रेजीमेंट लखनऊ की टीम ने मंगलवार को जिले का एक दिवसीय दौरा किया। टीम ने जिले के भौगोलिक स्थिति व बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के संबंध में पूरी ब्यौरा जुटाया। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण की तरफ से टीम के सदस्यों को पूरी जानकारी मुहैया कराई गई।

एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार शुक्ल ने लखनऊ से 16 जाट रेजीमेंट के जवानों की टीम को बताया कि बाढ़ की दृष्टि से बलरामपुर जिला बेहद संवेदनशील है। पूर्व के वर्षों में एसडीआरएफ व पीएसी की फ्लड बटालियन बाढ़ बचाव दल का हिस्सा रही है। कुछ दिन पहले एनडीआरएफ टीम ने जिले का दौरा किया था। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण के तत्वाधान में बाढ़ संबंधी मॉकड्रिल का आयोजन एनडीआरएफ की तरफ से कोडरी घाट पर किया गया था। बाढ़ बचाव की तैयारियों की कड़ी में सेना के जवानों को भी इस कार्य में शामिल किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर सेना के जवानों से मदद ली जाएगी। 16 जाट रेजीमेंट लखनऊ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक तिवारी के निर्देश पर तीन सदस्यीय दल सूबेदार सरजीत सिंह, नायक सूबेदार सुक्खा सिंह व नायक विकास ने आपदा प्रबंधन सलाहकार सचिन मदान के साथ बैठक की। दल के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित गंवों, राहत केंद्रों, राहत चौकी उनमें लगाई गई ड्यूटी आदि के संबंध में जानकारी हासिल की। बाढ़ के दौरान सेना के जवानों की भूमिका, उनके काम करने में आने वाली समस्याओं के समाधान आदि के संबंध में चर्चा की गई।



बलरामपुर में रेजीमेंट के जवानों से वार्ता करते आपदा प्रबंधन सलाहकार सचिन मदान। (संवाद)

अधिकारियों के मोबाइल नंबर व बाढ़ बचाव कार्य में लगे जिम्मेदारों के बारे में जानकारी हासिल की। एसडीआरएफ व पीएसी के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर आपदा लिपिक रवि शुक्ल व प्रवीण पांडेय आदि मौजूद रहे।

# प्रोटोकॉल के उल्लंघन में 79 से वसूला जुर्माना



बलरामपुर। कोरोना प्रोटोकाल के उल्लंघन में 79 लोगों से 34600 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। एसपी हेमंत कुटियाल के निर्देश पर जिले के सभी कोतवाली व थानों में अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ जुर्माना वसूला गया है। एएसपी अरविंद मिश्र ने मंगलवार को बताया कि कोरोना प्रोटोकाल का पालन न करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-07-2021

# एक कोतवाल और चार दरोगा का तबादला हुआ

**फेरबदल**

बहराइच | **संवाददाता**

जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए एसपी सुजाता सिंह ने मंगलवार को एक निरीक्षक व चार दरोगाओं के तबादले किए हैं। राजकुमार सिंह को खैरीघाट एसएचओ की जिम्मेदारी सौंपी दी गई है।

खैरीघाट थाने के रायगंज के मजरे दीनापुरवा में बीडीसी यदुराई के जेठ मायाराम की हत्या मामले में तीन दिन पूर्व खैरीघाट एसएचओ विमलेश कुमार सिंह व सिपाही जीतेन्द्र कुमार को निलम्बित किया गया था। बैवाही चौकी प्रभारी राम गोविंद वर्मा का तबादला खैरीघाट थाने किया था। एसपी ने मंगलवार को प्रभारी एफआईआर व जन सूचना सेल को खैरीघाट एसएचओ बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात चार दरोगाओं को भी नई तैनाती दी गई है। पूर्व में रामगांव व रानीपुर थानाध्यक्ष रह चुके दरोगा जीतेन्द्र कुमार सिंह को कैसरगंज का वरिष्ठ उपनिरीक्षक पद की जिम्मेदारी दी गई है। दरोगा राजमन यादव, सर्वदेव सिंह को रिसिया थाने में तैनात किया गया है। दरोगा पुण्डरीक त्रिपाठी का तबादला फखरपुर थाने में किया गया है।

# चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

कैसरगंज | संवाददाता

कैसरगंज पुलिस ने एक आरोपी को 600 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह को सूचना मिली कि मखदूमपुर गांव के निकट एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। कही भागने के फिराक में है। सूचना मिलते ही उन्होंने दरोगा मनोज कुमार सिंह को पुलिस बल के साथ मौके पर भेजा।

पुलिस को देखते ही वह युवक भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम कशीम पुत्र नसीम निवासी प्यारेपुर बताया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 600 ग्राम नाजायत चरस बरामद हुई। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## घर में घुसे चोर को सामान के साथ पकड़ा

**बलहा।** नानपारा कोतवाली के सोहबतियां में सोमवार रात खटपट की आवाज पर सो रहे लोगों की आंख खुल गई। कमरे में घुसे एक व्यक्ति को धर दबोचा। उसके पास एक तसला फूल धातु व कुछ और सामान भी बरामद हुआ। उसे पुलिस को सौंपा गया।

उसकी पहचान गुलाम अलीपुरा निवासी मुईन के रूप में हुई। उसके विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# चरस संग तस्कर गिरफ्तार

**कैसरगंज :** कोतवाल हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मखदूमपुर गांव के पास एसआइ मनोज कुमार सिंह ने 600 ग्राम चरस के साथ प्यारेपुर के कशीम को पकड़ लिया। मुकदमा दर्ज कर आरोपित को कोर्ट भेजा है। (संसू)

# जेल भेजा गया सामूहिक दुष्कर्म का आरोपित

**कैसरगंज (बहराइच) :** किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के एक आरोपित को पुलिस ने मंगलवार को जेल रवाना कर दिया। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। घटना में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस छापामारी कर रही है।

कोतवाल हर्षवर्द्धन सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी से अपहरण और दुष्कर्म के मामले में लोधनपुरवा गोड़हिया नंबर तीन निवासी ओमप्रकाश, मनोज वर्मा व राकेश कुमार के खिलाफ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि मंगलवार को अपराध निरीक्षक गजेंद्र राय ने घटना में शामिल आरोपित ओम प्रकाश सेंटर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।



सामूहिक दुष्कर्म का मुख्य आरोपित ● जागरण

# गैंगरेप का एक आरोपी गिरफ्तार

**कैसरगंज।** कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में किशोरी के साथ हुए गैंगरेप प्रकरण में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि अपराध निरीक्षक गजेंद्र राय ने मुखबिर की सूचना पर सेंटर चौराहे के पास से आरोपी ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही है। (संवाद)

# राजकुमार खैरीघाट थानाध्यक्ष, चार दरोगा का तबादला

**बहराइच।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए एसपी सुजाता सिंह ने पुलिसकर्मियों के कार्यप्रभार में फेरबदल किया है। खाली चल रही खैरीघाट थानाध्यक्ष की कुर्सी पर निरीक्षक की तैनाती कर दी गई है। इसके अलावा अन्य चार एसआई के तबादले भी हुए है। एसपी ने बताया कि जनसूचना सेल में तैनात राजकुमार सिंह को खैरीघाट थानाध्यक्ष बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात रहे एसआई जितेंद्र सिंह को एसएसआई कैसरगंज, एसआई रामराज यादव व सर्वदेव सिंह को रिसिया थाना और पुंडरीक त्रिपाठी को फखरपुर थाने में भेजा गया है। एसपी के इस तबादले से विभाग में हड़कंप मचा है। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-07-2021

### भंगहा के अजीज अहमद पर दर्ज हैं 28 मुकदमें, वह हत्या के एक मामले में जेल में बंद है

# दबंग पूर्व प्रधान की एक करोड़ की सम्पत्ति सील

**कार्रवाई**

हरिहरपुररानी | संवाददाता

कोतवाली भिनगा के भंगहा बाजार निवासी पूर्व प्रधान अजीज अहमद पुत्र इस्लाम की दबंगई काम नहीं आयी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने अजीज अहमद की एक करोड़ पांच लाख की सम्पत्ति सीज कर दी है। इसमें मकान और दबंगई से कब्जा की गई जमीन शामिल है। अजीज अहमद पर बलवा और हत्या तथा बलात्कार सहित 28 मुकदमें कोतवाली भिनगा में दर्ज हैं। इसी के साथ हत्या के एक मामले में जेल में बंद हैं।



भंगहा बाजार में मौके पर मौजूद एसडीएम व अन्य



संपति सील करते समय मौके पर मौजूद पुलिस जवान • हिन्दुस्तान

अपनी दबंगई से जमीन हथियाने और बलवा करने के माहिर अजीज अहमद ने भंगहा तथा आसपास करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली थी। क्षेत्र में होने वाली घटनाओं में अजीज का नाम जरूर आता रहा है। इसीलिए कोतवाली भिनगा में अजीज मोहम्मद के नाम मुकदमों की फेहरिस्त बढ़ती गई और गैंगस्टर, गुंडा एक्ट, हत्या, बलात्कार, बलवा करने सहित 28 मुकदमें दर्ज हो गए। इनमें से कई मुकद्मों में अजीज को जेल भेजा गया। जेल से छूटने के बाद फिर से क्षेत्र में घटनाएं बढ़ती गईं। दो साल पहले भंगहा निवासी एक दलित युवती के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना हुई थी। इसमें भी अजीज को जेल भेजा गया था। लेकिन जब जेल से छूट कर घर आया तो युवकी के पिता की हत्या हो गई और लाश सड़क की पुलिया के नीचे मिली। इसमें भी अजीज को आरोपी बनाया गया था।

पूर्व प्रधान पर दर्ज 28 मामलों को देखते हुए कोतवाली भिनगा में यूपी गिरोह बंद व गुंडा एक्ट का एक और मुकदमा दर्ज किया गया था। इसकी विवेचना मल्हीपुर थानाध्यक्ष को सौंपी गई थी। विवेचना में पाया गया कि अजीज ने आपराधिक गतिविधियों से काफी संपत्ति अर्जित की है। इस पर विवेचनाधिकारी ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी। रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी टीके शिबु ने अजीज की सम्पत्ति को कुर्क करने का आदेश दिया। इस पर सोमवार को एसडीएम भिनगा राजेश कुमार मिश्र, तहसीलदार राजकुमार पाण्डेय, सीओ हौसला प्रसाद की मौजूदगी में अजीज चार मकान तथा जमीन सहित कुल आठ संपत्तियों को सीज कर दिया गया। एक दौरान एक करोड़, चार लाख, 57 हजार, 627 रुपए की सम्पत्ति सीज की गई। इस सम्पत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान कोतवाली भिनगा, सोनवा, मल्हीपुर थानाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद रही।

# पॉक्सो एक्ट के दो वांछित आरोपी गिरफ्तार किए

**श्रावस्ती।** अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की ओर से अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार को विभिन्न थानों की पुलिस ने पोक्सो एक्ट के दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें थानाध्यक्ष राजेन्द्र कनौजिया टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इस दौरान पुलिस ने चिल्हरिया मोड़ तिराहे से छेड़छाड़ के वांछित आरोपी प्रदीप कुमार पुत्र केशवराम निवासी बेचुआ थाना सिरसिया को गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह से कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक बृजेश द्विवेदी ने पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित आरोपी जाफर खां पुत्र मंगरे खां निवासी गड़रा कोतवाली क्षेत्र भिनगा को मंगल भठ्ठा के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थानों में छेड़छाड़ के आरोप में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। दोनों वांछित चल रहे थे।

# 30 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** अवैध शराब की बिक्री व निर्माण को रोकने के लिए पुलिस की ओर से अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस ने 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

थाना इकौना की पुलिस अवैध शराब कारोबारियों की धर पकड़ को लेकर क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने मुबीन खान पुत्र रहीम खान निवासी खान साहब पुरवा थाना इकौना के कब्जे से 15 व ननके पुत्र छुट्टन निवासी बढ़ई पुरवा थाना गिलौला के कब्जे से 15 लीटर समेत कुल 30 लीटर कच्ची शराब बरामद किया।

# पैरोकार व कोर्ट मुहर्रिर के साथ एएसपी ने बैठक की

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय सभागार कक्ष में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे की ओर से सभी थानों में नियुक्त पैरोकार व कोर्ट मुहर्रिर के साथ बैठक की गई। बैठक में एएसपी की ओर से जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि न्यायालय से जो समन निर्गत किए जाते हैं उनका समय से तामीला कराया जाय, जितने गवाह न्यायालय में पेश किए जाने हैं उन्हें समय से न्यायालय में पेश कराया जाय, इसके अलावा न्यायालय से अन्य जो भी आदेश निर्गत किए जाते हैं उनका अनुपालन समय से सुनिश्चित कराया जाय तथा अधिक से अधिक प्रभावी पैरवी करके प्रकरणों में सजा दिलाया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कोविड-19 का दौर चल रहा है कोर्ट में काफी संख्या में लोगों का आना जाना रहता है। इसलिए कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए सभी लोग मास्क, ग्लब्स, सेनेटाइजर का प्रयोग करें तथा सामाजिक दूरी का भी पालन करते रहें।

# एक किलो सौ ग्राम चरस संग गिरफ्तार

**संसू, श्रावस्ती :** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सिरसिया थाने की पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान चरस तस्कर को दबोच लिया। जामा तलाशी में उसके कब्जे से झोले में एक किलो 100 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा है।

एएसपी बीसी दूबे ने बताया कि सिरसिया थानाध्यक्ष राजेंद्र कनौजिया पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि खैरी तराई से इंडो नेपाल बार्डर के पास एक व्यक्ति चरस लेकर कहीं जाने की फिराक में है। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। इस दौरान हाजीपुरवा गांव की ओर से एक व्यक्ति आता दिखा। पुलिस टीम ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी में उसके पास से झोले में एक किलो 100 ग्राम चरस बरामद हुई। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग बीस लाख रुपये बताई जाती है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान नूर अहमद उर्फ मम्मे निवासी परसोहना के रूप में हुई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा राजपुर मोड़ पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रामप्रवेश व आरक्षी रणविजय सिंह शामिल रहे।



सिरसिया थाने में पुलिस की हिरासत में चरस तस्कर नूर अहमद उर्फ मम्मे ● जागरण

**अपने जिले और प्रदेश की अन्य खबरें पढ़ें www.jagran.com/state/uttar-pradesh पर**

## छेड़छाड़ के आरोपित दबोचे

**श्रावस्ती** : भिनगा व सिरसिया थाने की पुलिस टीम गश्त निकली थी। इसी दौरान कोतवाली पुलिस ने मंगल भट्ठा के पास से छेड़छाड़ के आरोपित गड़रा निवासी जाफर खां को व सिरसिया पुलिस ने बेचुआ निवासी प्रदीप कुमार को दबोच लिया। आरोपितों को जेल भेजा गया है। (संसू)

## 30 लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती** : इकौना पुलिस ने गश्त के दौरान साहबपुरवा निवासी मुबीन खान व बढ़ईपुरवा निवासी ननके को गिरफ्तार कर 15-15 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (संसू)

# एसपी ने सुनीं शिकायतें

**श्रावस्ती :** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने मंगलवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित पुलिस कर्मचारियों को निर्देशित किया। (संसू)

# जनता दर्शन में एएसपी ने सुनीं समस्याएं

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय में मंगलवार को जनता दर्शन के दौरान पांच लोग अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दुबे से मिलने पहुंचे। इस दौरान लोगों ने अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याएं बताई। जिनमें भूमि पर चकमार्ग पर कब्जा होने, मारपीट का मामला दर्ज न होने की शिकायत की गई। इस पर



एएसपी ने सभी संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को फोन से जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा फरियादियों की बातों को गंभीरता से सुनने का निर्देश दिया। संवाद

# 1100 ग्राम नेपाली चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** नेपाल से तस्करी कर भारतीय क्षेत्र में चरस लाई जा रही है। इसका खुलासा करते हुए सिरसिया पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 1100 ग्राम नेपाली चरस बरामद किया।

सोमवार रात प्रभारी निरीक्षक सिरसिया राजेंद्र क नौ जि या हमराहियों के साथ गश्त पर थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि खैरी तराई से नेपाल बार्डर होते हुए हाजीपुर गांव की तरफ एक व्यक्ति आ रहा है, जो चरस तस्करी का काम करता है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी ने हमराहियों के साथ छापा मारा, एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने 1100 ग्राम नेपाली चरस बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम परसोहना निवासी नूर अहमद मम्मे के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध सिरसिया पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई कर उसे संबंधित न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। संवाद



पुलिस की गिरफ्त में तस्कर व बरामद चरस। -संवाद

# हिस्ट्रीशीटर अजीज की 1.04 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

## भंगहा बाजार निवासी आरोपी पर कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी



भंगहा बाजार में संपत्ति कुर्क करते अधिकारी। -संवाद

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भंगहा बाजार निवासी हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस प्रशासन ने 1.04 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। आरोपी के खिलाफ मल्हीपुर थाना प्रभारी द्वारा की जा रही जांच में आरोपों की पुष्टि के साथ जारी पुलिस रिपोर्ट के बाद जिलाधिकारी की तरफ से कुर्की आदेश जारी हुआ था।

अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दुबे ने बताया कि भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भंगहा बाजार निवासी अजीज पुत्र इस्लाम पर यूपी गैंगस्टर एक्ट का मामला पंजीकृत था। जिसकी विवेचना मल्हीपुर के प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह द्वारा की गई। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्य में आरोपी अजीज पुत्र इस्लाम हिस्ट्रीशीटर पर विभिन्न गंभीर धाराओं के 28 मामले पंजीकृत मिले। जांच के दौरान यह भी पता चला कि आरोपी बीते काफी समय से विभिन्न प्रकार के अपराधों में लिप्त रहा है। आरोपी एक शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है। जिसके द्वारा अपराध करके उससे प्राप्त रुपये से भंगहा स्थित चार पक्का मकान व गाटा संख्या 795 रकबा 0.130 हेक्टेअर, गाटा संख्या 852 रकबा 1.760 हेक्टेअर, गाटा संख्या 554 रकबा 0.130 हेक्टेअर व गाटा संख्या 553 रकबा 0.02 हेक्टेअर सहित कुल 2.040 हेक्टेअर भूमि भी अर्जित की गयी है। इन सभी संपत्तियों की मौजूदा कीमत 1.04 करोड़ आंकी गयी। अपराध से अर्जित अजीज की सम्पत्ति को यूपी गिरोह बंद अधिनियम की धारा 14 (1) के तहत जब्त करने के लिए विवेचक द्वारा जिला मजिस्ट्रेट श्रावस्ती को रिपोर्ट भेजी गई थी। इस पर कार्रवाई करते हुए जिला मजिस्ट्रेट टीके शिबु द्वारा अजीज की अर्जित संपत्ति को कुर्क करने के संबंध में पारित आदेश के अनुपालन में उपजिला मजिस्ट्रेट भिनगा, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा, प्रभारी निरीक्षक थाना मल्हीपुर द्वारा आरोपी की कृषि योग्य भूमि व मकान मिलाकर कुल आठ संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की गयी।

# 30 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** इकौना पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने 15-15 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुबीन खान निवासी खान साहब पुरवा व ननके निवासी बढ़ई पुरवा के रूप में हुई। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। संवाद

# 76 वाहनों का हुआ ई-चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से मंगलवार को वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 202 वाहनों की जांच की, 76 वाहनों का ई-चालान किया। पुलिस ने 1,19,100 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। अभियान में 93 लोगों के विरूद्ध मास्क न लगाये जाने के कारण कार्रवाई की गई। पुलिस ने 13,300 रूपये का चालान भी किया। संवाद

# छेड़छाड़ के मामले में दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली प्रभारी बृजेश द्विवेदी की टीम ने सोमवार रात गश्त के दौरान पाक्सो एक्ट में वांछित जाफर खां निवासी सिटकहवा को मंगल भट्ठा के पास से गिरफ्तार किया। वहीं सिरसिया थाना प्रभारी राजेंद्र कनौजिया ने चिल्हरिया मोड़ तिराहे के पास से प्रदीप कुमार निवासी बेचुआ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक धाराओं में कार्रवाई कर जेल भेजा। उधर, जिला पुलिस ने सोमवार रात विशेष अभियान चलाकर 18 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। संवाद